



दैनिक

# पुष्पांजली टुडे



नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 135 | ग्वालियर शनिवार, 04 मार्च 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### सस मोबाइल में नहीं उनके दिमाग में है... अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि कल के नतीजे बताते हैं कि कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है. उन्होंने कहा कि ये नतीजे क्या आयेंगे, उन्हें पता था. बीजेपी नेता ठाकुर ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि पेगासस उनके मोबाइल में नहीं उनके दिमाग में हैं. अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी को निशाने पर लेते हुए कहा कि इटली की प्रधानमंत्री ने क्या कहा, शायद उन्होंने (राहुल गांधी) सुना नहीं था... उन्होंने (जॉर्जिया मेलोनी) कहा कि पीएम मोदी को दुनियाभर में लोग प्यार करते हैं. केंद्रीय मंत्री पेगासस मामले पर कहा कि उन्होंने अपना फोन क्यों नहीं जमा कराया. उन्होंने कहा कि ये अपने विदेशी दोस्तों के जरिये बार-बार देश को बदनाम करने की कोशिश करते हैं. पूर्वोत्तर में हुए हालिया विधानसभा चुनावों का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि देश के लोगों ने जो प्यार मोदी जी को दिया है... मोदी जी को पूर्ण बहुमत दिया है... दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था भारत की है... रिकॉर्ड एफडीआई भारत में आ रही है. उन्होंने कहा कि राहुल गांधी मीडिया को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं. यही नहीं देश की संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ते हैं. अनुराग ठाकुर ने कहा कि पेगासस की जांच होने पर राहुल ने अपना फोन जमा नहीं कराया, लेकिन विदेशों में जाकर जिक्र कर रहे हैं.

### पैपराजी के साथ जया बच्चान के बर्ताव से दंग रह गए लोग



एक्ट्रेस जया बच्चन अक्सर पैपराजी से नाराज नजर आती हैं लेकिन हाल ही में उनका एक अलग ही अवतार देखने को मिला. जया बच्चन अक्सर पैपराजी पर उनकी फोटो क्लिक किए जाने को लेकर गुस्सा करती नजर आती हैं. लेकिन हाल ही में एक इवेंट में पहुंची जया बच्चन पैप्स के साथ मस्ती मजाक करती नजर आईं. हाल ही में जया बच्चन फैशन डिजाइनर डिजाइनर जोड़ी अबू जानी और संदीप खोसला के न्यू कलेक्शन के लॉन्च में शामिल हुईं. इस दौरान उन्हें वहां मौजूद फोटोग्राफरों के साथ एक मजेदार बातचीत करते हुए देखा गया. इतना ही इस दौरान उन्होंने उनके साथ फोटो भी क्लिक करवाई. हालांकि, जया बच्चन ने उन्हें कोई निर्देश नहीं देने के लिए कहा, इससे पहले कि उन्होंने उनके लिए पोज देने का फैसला किया. इस दौरान का वीडियो सामने आया है जिसमें जया बच्चन कहती नजर आ रही हैं कि उन्हें इवेंट्स में फोटो खिंचवाने में कोई आपत्ति नहीं है. खासतौर पर जब वो तैयार होकर आई हैं, लेकिन जब उनकी इजाजत के बिना और कहीं बाहर चुपके-चुपके फोटो खींचते हैं तो उनको अच्छा नहीं लगता. जया बच्चन के बच्चों, अभिनेता अभिषेक बच्चन और श्वेता बच्चन नंदा ने कॉफी विद करण सीजन 6 के दौरान खुलासा किया कि उनकी मां को क्लिक करना क्यों पसंद नहीं है. दिग्गज अभिनेत्री इसे अनादर का एक बड़ा संकेत मानती हैं. अभिषेक बच्चन और श्वेता बच्चन नंदा ने यह भी खुलासा किया कि जया बच्चन बेहद क्लॉस्ट्रोफोबिक हैं और उन्हें भीड़ का सामना करना मुश्किल लगता है. इतने सारे अनजान चेहरों से घिरे होने पर वरिष्ठ अभिनेत्री घबराने लगती है, खासकर किसी जगह में प्रवेश करते या बाहर निकलते समय. पपराज़ी संस्कृति के प्रति अभिनेत्री-सांसद की तीव्र नापसंदगी के पीछे यह भी एक और प्रमुख कारण है.

### रस्सी जल गई, ऐंठन नहीं गई, पूर्वोत्तर राज्यों में कांग्रेस के प्रदर्शन पर जेपी नड्डा का तंज

पूर्वोत्तर राज्य त्रिपुरा, मेघालय और नगालैंड के विधानसभा चुनावों की तस्वीर साफ हो चुकी है. तीनों राज्यों के चुनाव बीजेपी को खुश करने वाले हैं. त्रिपुरा और नगालैंड की सत्ता में बीजेपी गठबंधन ने वापसी की है. वहीं, मेघालय की नई सरकार में भी पार्टी सहयोगी की भूमिका निभा सकती है. बीजेपी के इस प्रदर्शन पर दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर जश्न मनाया गया. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने इस जीत का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया. पार्टी मुख्यालय से देशभर के भाजपाइयों को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, नॉर्थ ईस्ट में बीजेपी की जीत अनायास नहीं है, बल्कि मोदी ने एक दूरदृष्टि के साथ पार्टी को यह सफलता हासिल हुई है. नड्डा ने कहा, जिस नॉर्थ-ईस्ट की उपेक्षा की जा रही थी, उसे खत्म किया और आगे बढ़ाने का काम किया. इसकी वजह से बीजेपी को सफलता मिली। नॉर्थ-ईस्ट के लिए प्रधानमंत्री मोदी के समर्पण को बताते हुए बीजेपी अध्यक्ष ने कहा, पीएम मोदी देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जिन्होंने करीब 50 बार पूर्वोत्तर का दौरा किया. इससे पता चलता है कि उन्होंने इस क्षेत्र को प्राथमिकता दी और इसे मुख्य धारा में लाने में मदद की. उन्होंने आगे कहा, पीएम मोदी ने कहा था कि अगर देश के दूसरे इलाके मुख्य धारा में आगे बढ़ सकते हैं तो हमारा नॉर्थ-ईस्ट क्यों नहीं कर सकता. प्रधानमंत्री ने इसी संकल्प के तहत काम किया. उन्होंने पूर्वोत्तर को आगे बढ़ाने की नीति पर काम किया. कांग्रेस पर बरसते हुए नड्डा ने कहा, कांग्रेस ने पूर्वोत्तर को एटीएम बना दिया था. पैसा कमाओ और भ्रष्ट आचरण को होने दो. उन्होंने कहा, 2014 से पहले पूर्वोत्तर नाकाबंदी, उग्रवाद, आतंकवाद और लक्षित हत्याओं के लिए जाना जाता था. अब पूर्वोत्तर की तकदीर और तस्वीर बदल चुकी है.

#### 2024 में पीएम मोदी के विजयी रथ में

# हिंदुत्व का घोड़ा कहां तक दौड़ेगा

**नई दिल्ली।** केदारनाथ धाम के कायाकल्प, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर से लेकर महाकालेश्वर में महाकाल लोक के निर्माण तक हर मौके पर बीजेपी ने हिंदुत्व के मुद्दे को धार देने में कोई कसर नहीं छोड़ी. 2014 के लोकसभा चुनाव में हिंदुत्व की लहर पर सवार होकर बीजेपी ने लगातार दो चुनावों में बेहतरीन प्रदर्शन किया है, लेकिन क्या ये मुद्दा लोकसभा चुनाव 2024 में भी काम करेगा। इसका जवाब हाल ही में हुए एक सर्वे में सामने आया है. टीवी9 भारतवर्ष और पोलस्ट्रैट की ओर से किए गए इस सर्वे में लोगों से हिंदुत्व समेत कई मुद्दों पर उनकी राय जानी गई. लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी के विजयी रथ में हिंदुत्व का घोड़ा कहां तक दौड़ेगा इसे लेकर जनता का मूड सामने आ चुका है. आइए जानते हैं इन मुद्दों को लेकर लोगों का क्या कहना है...




**कमजोर नहीं पड़ी हिंदुत्व के मुद्दे की धार**-2024 के लोकसभा चुनाव को मद्देनजर रखते हुए इस सर्वे में लोगों से बीजेपी के लिए गेमचेंजर साबित हो सकने वाले मुद्दों को लेकर सवाल पूछा गया. जिसमें लोगों ने हिंदुत्व के मुद्दे पर सबसे ज्यादा भरोसा जताया. पोलस्ट्रैट और टीवी9 भारतवर्ष के इस सर्वे में 23.9 प्रतिशत लोगों का मानना है कि 2024 में बीजेपी के लिए हिंदुत्व सबसे बड़ा मुद्दा साबित होने जा रहा है. आसान शब्दों में कहें तो सर्वे के हिसाब से बीजेपी के लिए हिंदुत्व के मुद्दे की धार कमजोर नहीं पड़ी है.

**राम मंदिर और विकास पर भी लोगों का भरोसा**-इस सर्वे में लोगों ने राम मंदिर और विकास को भी 2024 में बड़े मुद्दों के तौर पर माना है. 20.9 प्रतिशत लोगों ने राम मंदिर और 17.9 फीसदी लोगों ने विकास के मुद्दे पर भरोसा जताया है. इसके इतर बीजेपी के एजेंडे में शामिल भारत की विश्वगुरु वाली छवि के मुद्दे पर 11.5 प्रतिशत लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पक्ष में खड़े नजर आते हैं.

**कॉमन सिविल कोड पर लगा प्रश्नचिन्ह**-बीजेपी के चुनावी घोषणापत्र में कॉमन सिविल कोड एक बड़ा मुद्दा है, लेकिन लोगों का इस पर भरोसा बहुत ही कम है. महज 5.8 प्रतिशत लोगों का मानना है कि 2024 में कॉमन सिविल कोड का मुद्दा बीजेपी के लिए गेमचेंजर साबित हो सकता है. वहीं, 20 प्रतिशत लोगों का मानना है कि हिंदुत्व, राम मंदिर, विश्वगुरु की छवि, कॉमन सिविल कोड और विकास से इतर अन्य मुद्दे 2024 में बीजेपी के लिए खेल बदलने वाले साबित होंगे.

## क्या उमेश पाल के डबल क्रॉस से भड़का था अतीक अहमद

**नई दिल्ली।** यूपी के प्रयागराज में हुए उमेश पाल हत्याकांड में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है. पुलिस सूत्रों से सामने आई जानकारी के मुताबिक, उमेश पाल की हत्या की वजह जेल में बंद माफिया अतीक अहमद की अवैध तरीके से बनायी गई बेनामी संपत्ति की मुखबिरी बनी है. पुलिस सूत्रों की मानें तो लखनऊ समेत कई जगहों पर अतीक अहमद की कुछ छुपी हुई संपत्तियों की खबर उमेश पाल ने पुलिस को दी थी. जानकारी के मुताबिक, यूपी पुलिस ने कुछ समय पहले ऐसी ही एक जानकारी पर 30 करोड़ कीमत की संपत्ति लखनऊ में जब्त की थी. बताया जा रहा है कि अब तक अतीक अहमद की कुल 1700 करोड़ की संपत्ति खोजकर कार्रवाई की जा चुकी है. पुलिस सूत्रों के हवाले से सामने आई खबर के अनुसार उमेश पाल हत्याकांड की फुलप्रूफ प्लानिंग की गई थी. पुलिस के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीते कुछ समय से उमेश पाल और अतीक अहमद के बीच नजदीकियां बढ़ी थीं. बताया जा रहा है कि अपहरण कर हलफनामा लेने के मामले पर दोनों के बीच सुलह को लेकर भी बातचीत की जा रही थी. सूत्रों से मिली खबरों के अनुसार, इसी बीच अवैध संपत्तियों पर हुई कार्रवाई से अतीक अहमद बौखला गया था. अतीक को उमेश पाल के डबल क्रॉस करने का शक था. जानकारी के अनुसार, उमेश पाल



हत्याकांड की पूरी फुलप्रूफ प्लानिंग की गई थी. इसी के साथ ये बात भी सामने आई है कि बदमाशों का आपस में कोई संपर्क नहीं था. पुलिस सूत्रों की मानें तो अतीक अहमद का बेटा असद ही इस पूरे हत्याकांड का मास्टरमाइंड है. मुस्लिम हॉस्टल में मुलाकात कर ही सभी बदमाशों को हत्या करने की जिम्मेदारी दी गई थी. सूत्रों के मुताबिक, उमेश पाल हत्याकांड के दौरान बमबारी करने वाला गुड्डू माफिया अतीक अहमद का बेहद करीबी है. गुड्डू (मुस्लिम) लखनऊ में संदीप चौधरी नाम से प्रॉपर्टी का काम करता था. उसने एक पूर्व मुख्य सचिव के रिश्तेदार की जमीन पर भी कब्जा कर लिया था. जिसके बाद इस मामले में तत्कालीन मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप के बाद कब्जा छोड़ा गया था. बताया जा रहा है कि ये जमीन एयरपोर्ट के पास थी, जिसकी कीमत करोड़ों में थी. यूपी पुलिस अभी तक इस मामले में किसी भी शूटर को गिरफ्तार नहीं कर पाई है. हत्याकांड को अंजाम देने वाले सभी छह शूटर पुलिस की पकड़ से बाहर हैं. बताया जा रहा है कि पहले दिन हत्यारों ने जावेद अहमद के घर पर रात गुजारी थी. वहीं, पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, गुड्डू मुस्लिम के हैदराबाद और तीन अन्य शूटरों के पश्चिम बंगाल भागने की खबर है. सूत्रों के अनुसार, सभी शूटर पनाह लेने के पुराने अड्डों के बजाए नये ठिकानों पर पहुंचे हैं. सभी बदमाश पुलिस को चकमा देने के लिए पुराने ठिकानों पर जाने की जगह पश्चिम बंगाल और हैदराबाद के नए अड्डों की ओर निकल गए थे.

### भारत-चीन को संवाद बनाए रखने के साथ मतभेदों को सुलझाना चाहिए

**नई दिल्ली।** चीन के साथ सीमा विवाद के बीच भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीनी विदेश मंत्री किन गांग से दिल्ली में मुलाकात की. ये मुलाकात करीब 45 मिनट तक चली. इसके बाद चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि भारत-चीन सीमा मुद्दे को उसके उचित स्थान पर रखना चाहिए और स्थिति को नियंत्रण में रखना चाहिए. इससे पहले भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अमन-चैन बनाने पर ध्यान केंद्रित किया गया. किन गांग ने बैठक के दौरान भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर से कहा कि हमें द्विपक्षीय संबंधों में सीमा मुद्दे को उचित स्थान पर रखना चाहिए और सामान्य नियंत्रण के लिए सीमा की स्थिति के शुरुआती बदलाव को बढ़ावा देना चाहिए.

## त्रिपुरा को इस बार मिलेगी महिला सीएम

त्रिपुरा में बीजेपी ने 32 सीटें जीतकर एक बार फिर पूर्ण बहुमत से सरकार बना ली है. बीजेपी ने आईपीएफटी के साथ मिलकर वामपंथी दलों और कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है. हालांकि, अब त्रिपुरा में बीजेपी की लीडरशिप को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं. सियासी गलियारों में चर्चा है कि त्रिपुरा को इस बार महिला मुख्यमंत्री मिल सकती है. चुनाव से पहले तो बीजेपी ने माणिक साहा को ही सीएम के चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट किया था, लेकिन अब चुनाव खत्म हो गए हैं और पार्टी किसी महिला को सीएम बनाने पर विचार कर रही है. पार्टी के सूत्रों ने द इंडियन एक्सप्रेस के कहा है कि राष्ट्रीय नेतृत्व वर्तमान में केंद्रीय अधिकारिता और सामाजिक न्याय राज्य मंत्री प्रतिमा भौमिक को मुख्यमंत्री नियुक्त करने पर विचार कर रहा है, ताकि लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वोत्तर के साथ-साथ पूरे देश को सही संदेश भेजा जा सके. हालांकि, इसको लेकर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, क्योंकि राज्य में माणिक साहा के नेतृत्व में ही बीजेपी ने जीत हासिल की है. वहीं, अगर प्रतिमा भौमिक को नियुक्त किया जाता है तो वो पूर्वोत्तर के इतिहास में पहली महिला मुख्यमंत्री होंगी. भौमिक के सीएम बनाए जाने की संभावना के बारे में पूछे जाने पर एक वरिष्ठ नेता ने कहा, इससे इंकार नहीं किया जा सकता.

## केजरीवाल, सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने मेरे लिए गाना गाया था

200 करोड़ की ठगी मामले में जेल में बंद महाठग सुकेश चंद्रशेखर ने एक बार फिर मीडिया को चिट्ठी लिखी है. सुकेश ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन पर गंभीर आरोप लगाए हैं. सुकेश का दावा है कि 25 मार्च 2017 को केजरीवाल, सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने उसके जन्मदिन पर गाना गया था ये दोस्ती हम नहीं छोड़ेंगे, लेकिन पैसों के लालच में अपना वादा तोड़ दिया. सुकेश ने केजरीवाल को कहा कि तुम मुझे ठग कहते हो, लेकिन तुम सबसे बड़े घोटालेबाज हो. सुकेश ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने गरीब बच्चों की पढ़ाई में घोटाला किया है. सुकेश ने केजरीवाल सरकार पर टैबलेट स्कीम में घोटाला करने का गंभीर आरोप लगाया. सुकेश ने चिट्ठी में कहा कि पहले बच्चों को टैबलेट बांटे जाने को लेकर जो मसौदा तैयार हुआ था उसमें टैबलेट मेरे जरिए एक चाइनीज कंपनी से खरीदे जा रहे थे, लेकिन दूसरी कंपनी ने 20 परसेंट ज्यादा कमीशन देने का लालच दिया तो केजरीवाल सरकार ने टेंडर मुझे न देकर किसी दूसरे को देने का फैसला लिया था.



सुकेश चंद्रशेखर ने अलग-अलग कॉन्ट्रैक्ट के जरिए सीएम केजरीवाल पर 1000 करोड़ रुपये का कमीशन लेने का आरोप लगाया. सुकेश का दावा है कि अंतरराष्ट्रीय अखबार में दिल्ली सरकार की तारीफ का जो आर्टिकल छपा था वो भी उसके जरिए मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन ने छपवाया था. सुकेश ने अपनी चिट्ठी में कहा, केजरीवाल जी जैसा कि आपको पता है कि श्वष्ठ ने जैसे ही मुझे हिरासत में लिया उसके बाद मिस्टर चतुर्वेदी जो आपका और संत्येंद्र जैन का हवाला ऑपरेटर है, उसको भी समन किया था.

## शरद पवार के इन शातिर दांवों को राजनीति विज्ञान के विद्वान भी न समझ पाए

**नई दिल्ली।** नवंबर, 2019 की सुबह सात बजे, महाराष्ट्र के राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह हुआ और किसी को इस बात की कानों कान खबर नहीं हुई. शपथ लेने वालों में बीजेपी के देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार शामिल थे. इस बड़े उलटफेर के बाद सभी को लगा कि एनसीपी ने बीजेपी के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली है. लेकिन कोई नहीं जानता था कि राजनीति के धुरंधर शरद पवार के एक इशारे से पूरी बाजी ही पलट जाएगी. हाल ही में महाराष्ट्र बीजेपी के कद्दावर नेता देवेंद्र फडणवीस ने अपने एक बयान में खुलासा किया कि इस पूरे खेल की स्क्रिप्ट राजनीति के चाणक्य और एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार ने लिखी थी. उन्होंने बताया कि साल 2019 में महाराष्ट्र में एनसीपी चीफ शरद पवार के भतीजे अजित पवार की बगावत, उनका देवेंद्र



फडणवीस के साथ मिलकर सरकार बनाना, खुद उपमुख्यमंत्री और फडणवीस को मुख्यमंत्री बनना, फिर इस्तीफा देना और उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनाना, सब कुछ स्क्रिप्टेड था. एनसीपी चीफ शरद पवार ने फडणवीस के इस दावे पर कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उनके भतीजे और एनसीपी के नेता अजित पवार के साथ सरकार बनाई थी. इसका फायदा ये हुआ की इस फैसले से साल 2019 में महाराष्ट्र में राष्ट्रपति शासन खत्म हो गया.

## बीजेपी का ये दांव चला तो 2019 से भी खराब हालत में पहुंच जाएगी सपा

**नई दिल्ली।** बीजेपी ने 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी बड़े जोर शोर से करना शुरू कर दिया है. बीजेपी इस बार यूपी में हारी हुई 14 सीटों को जीतने के लिए खास प्रयास कर रही है. इस सिलसिले में राष्ट्रीय महामंत्री सुनील ने यूपी के लखनऊ में पदाधिकारियों से जायजा लिया.लभारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय में गुरूवार को लोकसभा प्रवास योजना बैठक संपन्न हुई. प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष की अध्यक्षता और राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में आयोजित बैठक में प्रदेश के 14 लोकसभा क्षेत्रों के लिए तय कलस्टर की समीक्षा व आगामी कार्ययोजना पर चर्चा हुई. बैठक में लोकसभा संयोजक, लोकसभा प्रभारी, लोकसभा विस्तारकों सहित लोकसभा प्रवास योजना की प्रदेश टोली के सदस्य सम्मिलित हुए. राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने कहा कि विगत लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में जिन लोकसभा सीटों पर सफलता नहीं मिल सकी, ऐसी 14 सीटों पर लोकसभा प्रभारी और संयोजकों के प्रवास के तहत क्षेत्र में नियमित संपर्क व संवाद स्थापित करने की तय कार्ययोजना पर काम करना है. कलस्टर के तहत सभी लोकसभा क्षेत्रों में विधानसभावार समीक्षा करना और प्रत्येक कमजोर बूथ की मजबूती के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करना है. केन्द्रीय मंत्रियों के प्रवास पूर्ण हो चुके हैं. प्रवास के अगले चरण में केन्द्रीय मंत्रियों के साथ बूथ विजय की



कार्ययोजना पर माइक्रो मैंनेजमेंट के साथ कार्य करना है. प्रदेश बीजेपी अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में विपक्ष के एक साथ लामबंद होने के बावजूद उत्तर प्रदेश में बीजेपी को 50 फीसदी से ज्यादा वोट प्राप्त हुए थे. 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारों के कार्य, कार्यकताओं का परिश्रम, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास की नीति से बीजेपी प्रदेश में 80 सीटें जीतने का लक्ष्य पूर्ण करेगी. पिछले चुनाव में हमें जहां सफलता नहीं मिल सकी थी, वहां भी जीत का परचम फहराना है. उन्होंने कहा कि 14 लोकसभा सीटों में से 12 लोकसभा सीटें वह हैं, जिन्हें बीजेपी 2014 के लोकसभा चुनाव में जीत चुकी है. प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बैठक में सशक्त बूथ की संरचना को जीत का मंत्र बताते हुए कहा कि हमारी प्रत्येक कार्ययोजना में सशक्त व प्रभावी बूथ तथा मतदाताओं से सतत संपर्क व सम्बन्ध से परिणाम बीजेपी के अनुकूल होंगे.

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी की नीतियों की कैंब्रिज में की तारीफ

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ब्रिटेन के दौरे पर हैं. राहुल गांधी ने बुधवार (1 मार्च) को कैंब्रिज यूनिवर्सिटी के बिजनेस स्कूल में छात्रों को संबोधित किया. इस दौरान राहुल गांधी ने देश की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला. उन्होंने पीएम मोदी पर

### नई सोच की जरूरत

राहुल गांधी कैंब्रिज के बिजनेस स्कूल में 21वीं सदी में सुनना सीखने की कला विषय पर बोल रहे थे. इस दौरान उन्होंने कहा, दुनिया में लोकतांत्रिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए नई सोच की जरूरत की बात कही. साथ ही ये भी कहा कि इसे किसी पर थोपा न जाए. हम ऐसी दुनिया बनते हुए नहीं देख सकते जो लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़ी हुई न हो. कांग्रेस सांसद ने कहा कि भारत और अमेरिका जैसे लोकतांत्रिक देशों में निर्माण क्षेत्र में गिरावट के चलते बड़े पैमाने पर असमानता और आक्रोश पैदा हुआ है.




लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने का आरोप लगाया तो भारत में उनकी जासूसी किए जाने की बात भी कही. हालांकि, इस दौरान एक मौका ऐसा भी आया, जब कांग्रेस नेता ने केंद्र की मोदी सरकार की नीतियों की तारीफ भी की. राहुल से जब मोदी सरकार की अच्छी नीतियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने उज्जवला योजना और जन धन योजना का जिक्र किया. कैंब्रिज में कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी से ये सवाल किया गया कि क्या नरेंद्र मोदी सरकार की उन नीतियों के बारे में बता सकते हैं जो भारत के हित में हैं।

राहुल गांधी ने कहा, शायद महिलाओं को गैस सिलिंडर देना और लोगों के बैंक अकाउंट खुलवाना अच्छा कदम है लेकिन मेरे विचार में मोदी भारत की बनावट को बर्बाद कर रहे हैं. वो भारत पर एक ऐसा विचार थोप रहे हैं जिसे भारत स्वीकार नहीं कर सकता. भारत राज्यों का संघ है. अगर कोई एक विचार थोपा जाएगा तो प्रतिक्रिया होगी. भारत में धार्मिक विविधता है. भारत में सिख, मुस्लिम, ईसाई सभी हैं लेकिन मोदी इन्हें दूसरे दर्जे का नागरिक समझते हैं. मैं इससे सहमत नहीं हूं. जब बुनियादी स्तर पर असहमति हो तो फर्क नहीं पड़ता कि आप किन दो-तीन नीतियों से सहमत हैं.

### कश्मीर में उग्रवादियों से सामने का किया जिक्र

राहुल गांधी के संबोधन का एक हिस्सा भारत जोड़ो यात्रा के बारे में रहा. कश्मीर के बारे में बताते हुए राहुल ने कहा, कश्मीर में कई सालों से हिंसाग्रस्त है. सुरक्षा अधिकारियों ने सुरक्षा को लेकर आगाह किया लेकिन जब हम आगे बढ़े तो हजारों लोग तिरंगा लेकर आगे आए. एक व्यक्ति करीब आया उसने कुछ लड़कों की तरफ दिखा कर बताया कि वो उग्रवादी हैं. उन लड़कों ने मुझे घूर कर देखा लेकिन कुछ कर नहीं पाए. राहुल गांधी ने कहा कि यह लोगों की बात सुनने और अहिंसा की ताकत है.

# महिला बाल विकास के 26 पदों पर अनंतिम सूची प्रकाशित

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** महिला एवं बाल विकास परियोजना बदरवास जिला शिवपुरी अंतर्गत 7 आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, 1 मिनी आंनवाड़ी कार्यकर्ता एवं 18 सहायिका कुल 26 पदों के चयन के संबंध में गतदिवस आयोजित खण्डस्तरीय चयन समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार अनंतिम सूची प्रकाशित की गई हैं। उक्त अनंतिम सूची के विरुद्ध आपत्ति सूची प्रकाशन दिनांक से 7 कार्य दिवसों तक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास परियोजना बदरवास के कार्यालय में अवकाश छोड़कर कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जाएंगे।

महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी ने बताया कि 26 स्थानों पर अनंतिम चयनित अभ्यर्थी के नाम की सूची जारी की गई है। उनमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु आंगनवाड़ी केन्द्र अलाबदी के लिए साधना शर्मा, केन्द्र सुमेला के लिए निधि जाटव, केन्द्र रिन्हाय के लिए उर्मिला जाटव, केन्द्र एडवारा के लिए पूजा गिल, केन्द्र गिन्दौरा के लिए रक्षा रघुवंशी, केन्द्र नैनागिर के लिए रंजना पटैलिया, केन्द्र टीलाकलां के लिए डिम्पल चौहान का अंनतिम चयन किया गया है। मिनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र देहरदा टपरियन के लिए सपना जाटव का अनंतिम चयन किया गया है।

इसी प्रकार सहायिका पद के लिए आंगनवाड़ी केन्द्र सुमेला के लिए काजल जाटव, केन्द्र मझारी के लिए रामरति आदिवासी, केन्द्र मगरौरा के लिए रजनी जाटव, केन्द्र मथना के लिए नीता गोस्वामी, केन्द्र रन्नौद वार्ड क्र.4 केन्द्र क्र.7 नगर पंचायत के लिए कलाबाई कुशवाह, केन्द्र विजयपुरा के लिए रंगोली लोधी, केन्द्र सुनाज के लिए ललिता आदिवासी, केन्द्र मांगरौल के लिए कल्लो जाटव, केन्द्र अटलपुर 02 के लिए शारदा बाई आदिवासी, केन्द्र बारौद 01 के लिए कृष्णा प्रजापति, केन्द्र बारौद02 के लिए अर्पणा आदिवासी, केन्द्र खिरियां के लिए चंदा कुशवाह, केन्द्र रामपुरी के लिए रेखा बाई, केन्द्र मुबारिकपुर के लिए कमलावती आदिवासी, केन्द्र थाठी के लिए आरती लोधी, केन्द्र अलाबदी के लिए रजनी परिहार, केन्द्र सेसई(नगर पंचायत रन्नौद) के लिए वर्षा बाई कुशवाह का अनंतिम चयन किया गया है। जबकि आंगनवाड़ी केन्द्र भिलारी में किसी भी आंगनवाड़ी सहायिका का अनंतिम चयन नहीं किया गया है।

## शहर के अस्पताल चौराहे पर शराबी अधेड़ ने लगाई आग



**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** सिटी कोतवाली अंतर्गत शहर के अस्पताल चौराहे पर एक अधेड शराबी ने शाम के समय खुद को आग के हवाले करने का प्रयास किया। व्यक्ति के द्वारा खुद को आग लगाने का आत्मघाती कदम क्यों उठाया गया यह देर शाम तक साफ नहीं हो सका, लेकिन उस शराबी व्यक्ति को आग से बचाने के लिए शहर के जागरूक युवाओं और पत्रकार साथी के द्वारा शराबी व्यक्ति पर पानी डाल कर आग पर काबू पा लिया गया जिससे कोई बडी घटना नहीं घट पायी।घटना कि सूचना मिलते ही कोतवाली टीआई विजय सिंह राजपूत ने पुलिस बल को भेज कर व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया जहाँ उसका उपचार जारी हैं।



# गैस के दाम में बढ़ोतरी का कांग्रेस ने किया विरोध

## सिलेंडर सिर पर उठा कर बोले पड़ रहा आम जनता पर बोझ

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**


शिवपुरी- गैस के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और महंगाई पर कांग्रेस ने हल्ला बोला है. प्रदेश में कांग्रेस ने महंगाई के खिलाफ अनूठा प्रदर्शन किया जा रहा हैं कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर उठा कर शिवपुरी के वार्डो में घर घर जाकर विरोध किया . शहर कांग्रेस प्रवक्ता आदर्श सिंह परिहार ने कहा कि प्रदेश में करीब 18 वर्षो से बीजेपी की सरकार है. इसके बावजूद प्रदेश सरकार महंगाई पर काबू पाने में असमर्थ नजर आ रही है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस की सरकार में एलपीजी गैस का सिलेंडर 400 रुपए का मिलता था. और आज की तारीख मैं बीजेपी सरकार ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर के दाम लगातार बड़ा रही हैं अभी हाल में 50 रुपए की बढ़ोतरी कर दी और कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का दाम 350 रुपए बढ़ा दिया. गैस सिलेंडर महंगा होने से घर का बजट गड़बड़ा गया है. विरोध यात्रा में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगमोहन सेंगर , अरुण प्रताप सिंह चौहान , आदरणीय संत राधिका मोहन शिवप्रताप कुशवाह ,बासित अली , मोहित अग्रवाल , शिवानी राठौर , अनिल तोमर , ललित श्रीवास , सीटू सरैया , पवन देवेंद्र शर्मा , पुनीत शर्मा , रघुराज रावत , लालू रघुवंशी , केके खंडेलवाल , शांतनु कुशवाह , सूरज अवस्थी , नलिन शर्मा , अमित राजावत , अंकित , सत्यम नायक , मोहसिन खान , नरेंद्र ढिघर्रा , मुकेश उदेइया , राजीव पांडेय , विदित शुक्ला , आकाश उपाध्याय , देव शुक्ला आदि कांग्रेसी जन उपस्थित थे ।

# शिक्षक और पटवारी को शासकीय सेवा में रहने के बाद दिया गया शासकीय भूमि का पट्टा



**पुष्पांजलि टुडे से विजय परिहार की रिपोर्ट**

करेरा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिरसौद में शिक्षक गौरी शंकर पांडे और पटवारी अतुल पांडे पुत्र श्री वासुदेव पांडे निवासी ग्राम सिरसोद तहसील करैरा जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश को शासकीय सेवा में रहने के बाद भी करैरा तहसील के आला अधिकारियों द्वारा इन्हें पट्टा दिया गया जबकि इनके पास पहले से ही स्वयं की भूमि सर्वे नंबर 1305, 1306, 321, 1323, 1324, 1325, 1326, 1327, 1329 आदि सर्वे नंबर के पहले से ही भूमिस्वामी है फिर भी इन्हें पट्टा दिया गया जिस सर्वे नंबर का पट्टा इन्हें दिया गया वह है जमीन आज भी मिट्टी की खदान के नाम से आरक्षित है जोकि कुम्हार समाज के लोग मिट्टी के बर्तन बनाने के लिए वहां से मिट्टी भरकर लाते थे जिससे वह अपना जीवन यापन करते थे और आज कुम्हार समाज के व्यक्तियों को मिट्टी नहीं मिलने से समस्या उत्पन्न हो रही है मिट्टी के बर्तन नहीं बना पा रहे हैं जिससे वह बेरोजगारी की कगार पर खड़े हो चुके हैं वह जमीन जो मिट्टी की खदान के नाम से आवंटित थी और शासकीय थी जिस भूमि का सर्वे नंबर 1307 ,1328 ,1330, का रकबा 0.67 हेक्टेयर यह भूमि शासकीय थी और इसका पट्टा शासकीय कर्मचारी को दिया गया जिसमें गौरी शंकर पांडे शिक्षक हैं और इनका बड़ा पुत्र आर्मी में मेजर है और इनका छोटा लड़का इंजीनियर है और इनका छोटा भाई अतुल पांडे पटवारी और इन्हें पट्टा दिया गया जिस शासकीय जमीन का पट्टा इन्हें दिया गया वह जमीन मिट्टी की खदान के नाम से है जहां से कुम्हार समाज के व्यक्ति मिट्टी खोदकर लाते थे और मिट्टी के बर्तन बनाते थे जिसमें प्रजापति समाज के व्यक्तियों द्वारा फलदार वृक्ष भी लगाए गए थे उन्हें इन दोनों भाइयों के द्वारा नष्ट कर दिया गया है और यह खेती उस जमीन पर करवा रहे हैं गौरी शंकर पांडे और अतुल पांडे पुत्र श्री बासुदेव पांडे के नाम से पहले से ही 35 बीघा जमीन इन दोनों के नाम से है और इनके पुत्र भी अच्छी पोस्टो पर होने के बाद भी इन्हें शासकीय भूमि जो मिट्टी की खदान सर्वे नंबर 1307 ,1328,1330, का रकवा 0.67 हेक्टेयर भूमि जिसका पट्टा इन्हें दिया गया!



## जिले में स्थानीय अवकाश घोषित

**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**



**शिवपुरी।** कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा वर्ष 2023 के शिवपुरी जिले के लिए तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए गए है। कलेक्टर द्वारा संपूर्ण जिले के लिए घोषित स्थानीय अवकाशों में 18 अप्रैल को अमर शहीद तात्या टोपे बलिदान दिवस, 19 सितम्बर को गणेश चतुर्थी तथा 13 नवम्बर को दीपावली के दूसरे दिन का स्थानीय अवकाश रहेगा।

## प्रभारी मंत्री श्री सिसौदिया आज शिवपुरी में

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



शिवपुरी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया एक दिवसीय प्रवास के दौरान 4 मार्च को शिवपुरी में आएगें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 मार्च को सायं 5.30 बजे कलेक्टर सभागृह में 10 मार्च के कार्यक्रम संबंधी कार्यो की समीक्षा करेंगे। सांय 6 बजे कार्यक्रम स्थल का भ्रमण करेंगे। सायं 6.30 बजे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। रात्रि 8 बजे शिवपुरी से गुना के लिए प्रस्थान करेंगे।

# लूट के मामले का 24 घंटे में खुलासा करते हुये लूट के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**लूटा हुआ माल किया बरामद**
**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले के पोहरी थाना में फरियादी सियाराम पुत्र नन्दलाल कुशवाह उम्र 60 साल निवासी ग्राम महदेवा थाना छर्च जिला शिवपुरी ने रिपोर्ट किया कि दो व्यक्तियों द्वारा कोर्ट पोहरी का रास्ता पूछने के बहाने से फरियादी को मोटर साईकिल पर बिठाया और कोर्ट पोहरी से आगे करीबन 01 किमी. दूर मोटर साईकिल रोकी जहां उनका एक और साथी मिला फिर तीनों ने मिलकर फरियादी की जेब से उसका पर्स निकाल कर लूट लिया जिसमें फरियादी का आधार कार्ड व 20 हजार रूपये रखे थे। फरियादी के मांगने पर भी उक्त तीनों व्यक्तियों द्वारा उसके पैसे, पर्स व आधार कार्ड नही दिया गया व जान से मारने की धमकी दी गई। रिपोर्ट पर से पुलिस थाना पोहरी पर अप.क्र. 55/23 धारा 392,34 भादवि.,11/13 एमपीडीपीके एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया गया । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल के निर्देशन मे व अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पोहरी श्री मनीष यादव के मार्गदर्शन में एक पुलिस टीम गठित की गई । तत्काल क्षेत्र के आम रास्तों पर नाकाबंदी लगाई गई एवं आरोपीगणों की तलाश हेतु थाना प्रभारी पोहरी निरीक्षक बलविंदर ढिल्लन मय पुलिस टीम के रवाना हुई । तभी मुखबिर द्वारा सूचना मिली की उक्त घटना के आरोपियों के हुलिये के दो व्यक्ति श्योपुर रोड तरफ अपनी काले रंग की पल्सर मोटर साईकिल से जाते हुए दिखे है । सूचना पर से थाना प्रभारी पोहरी मय टीम के मुखबिर के बताये स्थान पर रवाना हुई तो बताये बुलिये के दो व्यक्ति मिले जिनसे पुलिस द्वारा पूछताछ की गई तो जुर्म करना स्वीकार किया बाद आरोपीगणों को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपीगणों से घटना में प्रड्डुक्त काले रंग की मोटरसाईकिल व लूटे हुए रूपये, पर्स व फरियादी का आधार कार्ड जप्त किया गया। उक्त दोनों आरोपीगणों का जेआर तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जा रहा है। प्रकरण में एक अन्य आरोपी को जल्द गिरफ्तार किया जावेगा। उक्त उल्लेखनीय कार्य में निरी. बलबिन्दर ढिल्लन थाना प्रभारी पोहरी, उनि अरविन्द सिंह चौधरी, सउनि पवन शर्मा, प्रआर.385 ध्रुव दुवे, प्रआर.630 राजीव छारी, आर.247 मुनेश , आर.1075 सूरज, आर.116 संदीप, आर.658 अजय नीखरा, आर.720 राहुल सिंह, आर.1098 सियाराम, आर.1134 अरविन्द, आर.1031 हरीशंकर, आर.1167 रामभरत, चालक आर. राजकुमार की सराहनीय भूमिका रही।




# अस्थाई अतिक्रमण हटाने पर की नगरपालिका और यातायात पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई




**अनिल कुशवाह प्रभारी**
**पुष्पांजलि टुडे**

शिवपुरी। आज यातायात पुलिस एवं नगर पालिका द्वारा झांसी तिराहे पर अस्थाई अतिक्रमण करने वालों पर संयुक्त कार्रवाई की गई। जिसमें दुकानदारों द्वारा दुकान के बाहर सरिया,गिट्टी रेत आदि रख दिए थे जिन पर जुर्माने की कार्रवाई की गई है। कल्ला पान वाले के पास बन रही बड़ी बिल्डिंग का मटेरियल बीच सड़क पर पड़ा हुआ था जिस पर 5000 रूपए का जुर्माना किया गया। जिन बैंकों के सामने पार्किंग की व्यवस्था नहीं थी उन पर भी चलानी कार्रवाई की गई नगर पालिका और यातायात पुलिस की संयुक्त कार्रवाई की गई यातायात पुलिस द्वारा जिन व्यापारियों का सामान रोड पर डाला हुआ था उन पर चालानी कार्रवाई की और जो अतिक्रमण कर रहे हैं उनको अभी समझाइश देकर बोल दिया कि आगे से अगर दुकान के बाहर किया अपने प्रतिष्ठान के बाहर अतिक्रमण किया गंदगी फैलाई गई तो चालानी कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का राज्य स्तरीय कार्यक्रम 5 मार्च को

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**




**शिवपुरी।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 का शुभारंभ 05 मार्च को भोपाल के जम्बूरी मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में लगभग 1 लाख महिला प्रतिभागी सम्मिलित हो रही हैं। कलेक्टर रवीन्द्र कुमार चौधरी द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के राज्य स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए है। जिसमें मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के राज्य स्तरीय शुभारम्भ कार्यक्रम के पूर्व दोपहर 12 बजे से प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय वार्ड के स्तर पर स्थानीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये। स्थानीय आयोजन में स्थानीय लोक रंग एवं लोक गीत आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। स्थानीय कार्यक्रम में सक्रिय महिलाओं के द्वारा समाज में व्यापक बदलाव में महिलाओं की भूमिका एवं शासन के प्रयासों पर उद्बोधन होगा। ग्राम पंचायत के अलावा संबंधित ग्रामों/आंगनवाड़ियों में भी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। ताकि लाडली बहनों को अधिक दूरी तय न करना पड़े। राज्य स्तरीय आयोजन के पूर्व स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा। राज्य स्तर से प्रसारित होने वाले मुख्यमंत्री के राज्य स्तरीय मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023 के शुभारम्भ कार्यक्रम आयोजन के सीधे प्रसारण की समुचित व्यवस्था की जाये जिसमें स्थानीय स्तर पर उपस्थित महिलाओं तथा उनके परिवार के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। ग्राम पंचायत/ शहरी वार्ड, विकासखण्ड एवं जिला स्तर के कार्यक्रमों को उत्सव का व्यापक रूप देने के लिये सभी जनप्रतिनिधियों, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समितियों, अंत्योंदय समितियों, महिला स्वसहायता समूहों, स्वच्छता दूतों, किसान मित्र, सहयोगिनी मातृ समितियों, शौर्या दल के सदस्यों, स्वयंसेवी संगठनों की प्रत्येक स्तर पर सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए। कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

# पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा की अवैध हथियारों रखने वालों पर कार्रवाई

## एक बदमाश को 315 बोर की अधिया मय 01 जिंदा राउण्ड के किया गिरफ्तार

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री राजेश सिंह चंदेल द्वारा अवैध हथियार रखने वालो के विरूध्द कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था उक्त आदेश के पालन मे अति. पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया के निर्देशन में एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में अवैध हथियार रखने बालों विरूध्द कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे दिनांक 02.03.2023 की रात मे खनियाधाना पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि बल्ली पुत्र सरमन जोशी उम्र 38 साल निवासी गसबानी जिला श्योपुर का खडकसिहं तिराहा पर एक 315 बोर की अधिया लेकर कोई गंभीर बारदात करने के उद्देश्य से खड़ा है, उक्त सूचना पर मय फोर्स के मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंचा तो एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था मे दिखा जिसे घेरकर पकडा तथा उसके कब्जे से एक 315 बोर की अधिया एक 315 बोर का जिंदा राउण्ड बरामद किया गया ,आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूध्द अपराध क्र. 106/2023 धारा 25/27 आर्मस एक्ट का पंजीबद्ध कर आरोपी को माननीय न्यायालय मे पेश किया गया बाद माननीय न्यायालय के आदेश से आरोपी को जेल भेजा गया ।



**इनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही:-** निरीक्षक सुरेश शर्मा, सउनि प्रकाश कौरव, सउनि अरुण वर्मा, आर. 363 जयवीर. आर. 781 हेमिसंह , आर.1046 बलराम

## एक नजर...




## जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विश्व श्रवण दिवस पर हुआ निःशुल्क शिवर का अयोजन

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

**दमोह ।** विश्व श्रवण दिवस के मौके पर जिला चिकित्सालय सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में श्रवण संबंधी समस्या की समय रहते पहचान, श्रवण रोग संबंधी जानकारी, बचाव एवं रोकथाम के संबंध में शिविर आयोजित किया गया। शिविर दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संगीता त्रिवेदी ने मौजूद आमजन एवं स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ण रूप से स्वस्थता के लिए पॉचों ज्ञानेद्रियों को सेहतमद बनाये रखना बेहद अहम है। इसके लिए दैनिक दिनचर्या में योग या व्यायाम को शामिल कर पौष्टिक आहार सेवन पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिये। शरीर में किसी भी प्रकार की तकलीफ होने पर बिना विलंव किये चिकित्सकीय परामर्श अनुरूप उपचार अवश्य लें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर त्रिवेदी ने कहा जिला चिकित्सालय परिसर में आयोजित शिविर में पंजीकृत 131 हितग्राहियों में से 65 श्रवण यंत्र योग्य पाये गये। मौके पर ही 3 हितग्राहीयों को कान के सुनने की मशीन दी गई। इस मौके पर नो?ल अधिकारी राष्टीय बधिरता नियंत्रण एवं रोकथाम अधिकारी डॉक्टर विशाल शुक्ला ने मशीन के उपयोग व देखभाल को लेकर जरूरी जानकारी भी साझा की गई। वहीं पथरिया विकासखंड में कमजोर श्रवण क्षमता वाले 65 हितग्राहियों की पहचान की गई एवं प्राथमिक उपचार/परामर्श दिया गया। जबकि विकासखंड तेन्दूखेड़ा में आर बी एस के चिकित्सक डॉक्टर अंजुल नामदेव और डॉक्टर बी पी नामदेव ने गर्ल्स हॉस्टल पहुँचकर छात्राओं को उम्र के साथ कमजोर होती श्रवण क्षमता या अन्य कारणों से होने वाली तकलीफ के प्राथमिक उपचार संबंधी जानकारी दी। सिविल अस्पताल हटा में डॉक्टर सौरभ जैन ने शिविर में उपस्थित जनमानस से बीमारियों से बचाव के संबंध में जानकारी दी।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा शहर की दूध डेरियों का किया गया औचक निरीक्षण

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**



दमोह। आयुक्त खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश डॉ सुदाम खाडे के आदेशानुसार एवं कलेक्टर एस कृष्ण चैतन्य के निर्देश पर डी ओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दमोह माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में दूध डेरियों का औचक निरीक्षण किया है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा दूध एवं दुग्ध पदार्थों में मिलावट का पता करने के लिए सम्पूर्ण मध्यप्रदेश में विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डी ओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने दमोह शहर में जबलपुर नाका स्थित स्वाद घर का फोस्कोरिस एप के माध्यम से ऑनलाइन निरीक्षण किया। उक्त परिसर में संग्रहित दुग्ध पदार्थों की गुणवत्ता की परख हेतु दूध का नमूना जांच हेतु लिया गया है। इसी दौरान जबलपुर नाका एम पी ई बी ऑफिस के सामने स्थित कृष्ण दूध धारा, दूध डेरी से पनीर एवं मिक्स्ड मिल्क का नमूना जांच हेतु लिया गया है, जिनको गुणवत्ता परीक्षण हेतु चोकसी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला इंदौर भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान दोनों खाद्य परिसरों में फूड लाइसेंस की प्रति एवं फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगा हुआ पाया गया।

## धर्मनगरी राजिम के बस स्टैंड में दिखा गंदगी का आलम

**संवाददाता हेमचंद नागेश**



**राजिम।** गरियाबंद जिले के धर्म नगरी राजिम के बस स्टैंड में यात्रियों के लिए बना मूत्रालय बहुत ही गंदगी हैं। पूरे भारत में प्रसिद्ध राजिम को धर्म नगरी के नाम से भी जाना जाता है, और अपने अलग ही छबि हैं। वहां बस स्टैंड पर बस यात्रियों के लिए न ही पीने की पानी की व्यवस्था है, और न हीं महिलाओं के लिए प्रसाधन की कोई व्यवस्था है। इस बात पर चिंता जताते हुए गरियाबंद जिला के समाजसेवी मनोज पटेल ने शासन प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या को जल्द दूर करें। मनोज पटेल ने कहा कि महात्मा गांधी ने अपने आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने संबंधी शिक्षा प्रदान कर राष्ट को एक उत्कृष्ट संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छ भारत का सपना देखा था। जिसके लिए शासन-प्रशासन इस पर करोड़ों खर्च कर रही है। स्वच्छ भारत अभियान का उद्देश्य है, कि पूरे गांव से लेकर शहर तक साफ-सफाई रहे। कचरा मुक्त वातावरण बनाना, शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराएं तभी एक स्वच्छ भारत निर्माण होगा देश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए स्वच्छ भारत का निर्माण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# पन्ना पुलिस की अवैध शराब के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा पुष्पांजली टुडे**

अवैध शराब का परिवहन करने वाले आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के कब्जे से कुल 108 लीटर अवैध शराब कीमती 58000 रुपए की एवं अवैध शराब परिवहन मैं प्रयुक्त वाहन आपे ऑटो कीमती करीब 300000 कुल मसरूका 358000 का जप्त। पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा नशा मुक्ति के संबध मे चलाये जा रहे अभियान को दृष्टिगत रखते हुये पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना द्वारा पन्ना जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध शराब का निर्माण, विक्रय, भंडारण एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था । पुलिस अधीक्षक पन्ना द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह ,एवं एसडीओपी पवई श्री सौरभ रत्नाकर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मोहंद्रा उप निरीक्षक ईश्वर सिंह द्वारा द्वारा अपने विश्वासनीय मुखबिर तंत्र को चौकी क्षेत्र में सक्रिय किया गया, दिनांक 02.03.23 को मुखबिर द्वारा अवैध शराब




परिवहन करने की सूचना प्राप्त होने पर चौकी प्रभारी मोहंद्रा मोहंद्रा द्वारा
चौकी पर उपलब्ध बल की टीम बनाई जाकर वरिष्ठ अधिकारियों को मुखबिर सूचना से अवगत कराया जाकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार कार्यवाही हेतु मुखबिर के बताए स्थान पर पुलिस टीम द्वारा पहुँच कर रेड कार्यवाही की गई जो वरताला नाला के पास एक ऑटो आता दिखा जिसे पुलिस टीम द्वारा रोका गया जो पुलिस कि आया देख दो आरोपी मौके से भाग गए तथा ऑटो चालक को मय ऑटो को रोका जो ऑटो में कुल 12 पेटी अवैध शराब को मौके पर जप्त किया गया तथा मौके पर देहाती नलिशी लेख कर थाना सिमरिया में असल अपराध क्रमांक 85/23 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी सिमरिया निरीक्षक सुशील कुमार अहिरवार, चौकी प्रभारी मोहंद्रा उप निरीक्षक ईश्वर सिंह सहा. उप निरीक्षक रंजीत कुजूर प्र. आ. 519 अनिल गर्ग आ.चा.51 प्रशान्त कुमार पाठक तथा सैनिक 282 चन्द्र किशोर वागरी की सराहनीय भूमिका रही पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा समस्त टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई।

# गैर कानूनी कार्य में सलिप्त पाये गये तो खैर नहीं अम्बाह टीआई विनय यादव ने गुण्डे बदमाशों को दी समझाइस

**केशब पंडित जी अम्बाह**

**अम्बाह।** गैरकानूनी कार्य में संलिप्त पाए गए तो खैर नहीं रहेगी। यह चेतावनी अभी हाल ही में आये अम्बाह विनय यादव द्वारा क्षेत्र के गुंडे-बदमाशों को दी गई है। यहां बता दें कि तेज-तर्रार पुलिस इंस्पेक्टर के रूप में पहचाने जाने वाले बिनय यादव ने 27 दिन पूर्व ही में अम्बाह थाना प्रभारी के रूप में चार्ज संभाला है। वह पहले जहां-जहां भी पोस्टेड रहे हैं, वहां गुंडे-बदमाश स्वत- सरेंडर रहे हैं। कुछ इस अंदाज में ही उन्होंने विगत दिनों जब वे मुरैना जिले के सिबिल लाइन थाना प्रभारी थे, तब कार्य शैली अपनाई थी, जहां उनके द्वारा वाहन चोर गैंग का पर्दाफाश करते हुए उनकी निशानदेही पर चुराई गई कई बार बाइक्स बरामद की गई थीं। वहीं लंबे समय से फरार चल रहे 5-5 हजार रुपए के इनामी बदमाशों को भी दबोचा था। उन्हें इस एक्शन मोड को देख क्षेत्र का क्राइम ग्राफ काफी गिर गया था। अब इसी तेवर के साथ उन्होंने अम्बाह इलाके में कार्य शुरू कर दिया है, जिन्होंने स्थानीय गुंडे-



मवालियों एचएचएस को पहले ही स्पष्ट शब्दों में समझाइश दे दी है, कि यदि उन्होंने कोई हरकत की, तो फिर उनकी खैर नहीं होगी।

**इन जगहों पर रह चुके हैं पोस्टेड-**जांबाज पुलिस इंस्पेक्टर बिनय यादव चंबल अंचल के साथ ही प्रदेश के तमाम जिलों में पोस्टेड रह चुके हैं। जिनमें भिण्ड, मुरैना, अधिकतर शामिल हैं। सभी जगहों पर उन्होंने बेहद दिलेरी के साथ अपनी ड्यूटी व फर्ज को अंजाम दिया है।

**भिण्ड के लहार व मुरैना सिबिल लाइन में लिया था रेत माफिया से लोहा-**बिनय यादव की जांबाजी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, कि जब वह भिण्ड जिले के लहार थाना प्रभारी थे, तब उन्होंने अपनी जान पर खेलते हुए दबंग रेत माफिया से खुलकर लोहा लिया था, हालांकि इस दौरान काफी माफिया द्वारा नेतागिरी हुई इसके बावजूद वह नहीं घबराए, बल्कि जैसे ही उनको मौका मिला, उसके तुरंत बाद उन्होंने फिर माफिया को घेरकर कार्रवाई कर दी थी। उनके कार्यकाल के दौरान रेत माफिया मुरैना शिबिल लाइन थाना इलाके से गुजरने में ही थर्राने लगे थे।

# पाली जिले के सादड़ी में ब्लड बैंक खोलने की मांग सौंपा ज्ञापन

## सादड़ी में ब्लड बैंक खुलवाने के लिए जिला कलेक्टर को ज्ञापन दीया

**पुष्पांजलि टुडे, रिपोर्टर खंगारराम मुलेवा**



सादड़ी मैं ब्लड बैंक खुलवाने के लिए पाली जिला कलेक्टर नमित मेहता को दीया ज्ञापन सादड़ी के आजू-बाजू में 25 से 30 गांव लगते हैं राणापुर घाट सेक्शन लगता है आए दिन दुर्घटना होती हैं समय पर ब्लड बैंक नहीं होने के कारण मरीजों को ब्लड नहीं मिल पाता है बीच रास्ते में ही मरीज दम तोड़ देते हैं इसके लिए आज पाली जिला कलेक्टर जी को सादड़ी में जल्द से जल्द ब्लड बैंक खुलवाने की मांग इस मौके पर रक्तदान महादान टीम सादड़ी प्रदेश अध्यक्ष सुरेश माली गोयल सादड़ी जिला प्रभारी संजय हीरागर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश जी मेवाड़ा और शंकर जी देवड़ा साहब मौजूद रहे।

# नाबार्ड के सहयोग से शोध द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन

## नाबार्ड भोपाल के सहयोग से शोध भोपाल के द्वारा आयोजित 15 दिवसीय ब्यूटी पार्लर कोर्स का समापन हुआ

**सीहोर।** शोध (सोसायटी फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ ह्यूमैनिटी) और नाबार्ड भोपाल के द्वारा संयुक्त रूप से क्षेत्र में उद्यमिता विकास हेतु प्रयास किए जा रहे है, इसी क्रम में महिलाओं में उधमिता विकास हेतु खारी पंचायत के स्वयं सहायता समूहों की कुल 30 महिला सदस्यों को ब्यूटी पार्लर कोर्स का प्रशिक्षण 10 फरवरी 2023 को शुरू किया गया था जिसके समापन समारोह में नाबार्ड देवास से डीडीएम श्री अविनाश तिवारी ने हिस्सा लिया और प्रशिक्षित महिलाओ को अपने कर कमलों से प्रमाण पत्र देकर कार्यक्रम का विधिवत समापन किया।

इस मौके पर श्री तिवारी द्वारा महिलाओ के साथ संवाद संवाद किया गया उनके कौशल को समझा और कौशल को व्यवसायिक उपयोग के बारे में पूछा महिलाओं ने आत्म विश्वास से भरे उत्तर दिए जैसे पुष्पा बकोडिया ने बताया कि वो एक कॉस्मेटिक स्टोर शुरू करेंगी और लीला बांकड़िया ने कहा वो ब्यूटी पार्लर शुरू करेगी इसी प्रकार अन्य महिलाओ ने अपनी उधमशीलता के प्लान को साझा किया। श्रीमति शीला बांकडिया



और सुनीता बांकड़िया सहित अन्य 20 महिलाओं ने उधमी के रूप में मिलेट्स की खेती करने में अपनी रुचि दिखाई और मार्गदर्शन प्राप्त किया, नाबार्ड जिला प्रबंधक श्री तिवारी ने महिलाओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस प्लान को मिलेट्स वर्ष में आगे बढ़ाया जा सकता है उन्होंने शोध के श्री नरेंद्र शर्मा को जिम्मेदारी दी की इसका प्लान प्रस्तुत किया जा सकता है। अंत में एक सवाल का ज़बाब देते हुए महिलाओं ने हर्ष व्यक्त किया की खारी क्षेत्र में महिलाओं के लिए नए व्यवसायिक उधमशिलता के प्रयासों में महिलाओ को बहुआयामी मौके मिलने वाले है जिसके लिए इस क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की महिलाए पूरी तरह तैयार है। प्रशिक्षित महिलाओ द्वारा तैयार की गई प्रोजेक्ट फाइल का अवलोकन भी नाबार्ड जिला प्रबंधक श्री अविनाश तिवारी ने किया और महिलाओं के प्रयासों की प्रशंसा की। श्री तिवारी ने शोध के प्रयासों को भी सराहा और महिलाओ के आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी। समापन समारोह में शोध संस्थान से नरेंद्र शर्मा ने नाबार्ड जिला प्रबंधक श्री अविनाश तिवारी और सभी उपस्थित प्रतिभागियों को आगामी प्रयासों और शोध की योजनाओं के बारे में जानकारी दी और मिलेटस वर्ष में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से मिलेट्स उत्पादन को बढ़ावा देने और उसके उत्पादों को व्यवसायिक रूप से करने के लिए शोध की प्रतिबद्धता को साझा किया। समापन समारोह के अंत में शोध से नरेंद्र शर्मा ने सभी आगंतुकों, प्रशिक्षक सुश्री सिमरन मारन, स्थानीय समन्वयक श्रीमती सरिता राठौर और प्रतिभागियों का आभार और धन्यवाद व्यक्त किया।

# अतिक्रमण के विरोध में भिण्ड में चला प्रशासन का बुलडोजर

## प्रशासनिक अमला रहा मौके पर मौजूद

**उमाकान्त शर्मा पत्रकार**

**भिण्ड।** शहर में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा आज बस स्टैंड





से अतिक्रमण हटाते हुए भारौली रोड सुभाष चौराहे पर नगर पालिका सीएमओ एवं एसडीएम उदय सिंह सिकरवार सीएसपी मैडम निसा रेड्डी यातायात प्रभारी रंजीत सिंह सिकरवार एसआई नीरज शर्मा देहात थाना के पुलिस बल द्वारा अतिक्रमण करने वालों पर हिटेची मशीन द्वारा अतिक्रमण मुहिम चलाई गई। जिसमें सुभाष चौराहे स्थित गन्ने की मशीन फलों के ठेला और पान सुपारी के ठेलों को हटवाया गया जिन लोगों ने अपने मकान और दुकान के सामने टीन सेट लगा ली थी उसको भी प्रशासन ने हटवाया तथा नगरपालिका अमले ने प्राप्त सामग्री को जप्त किया। तथा लोगों को दोबारा अतिक्रमण ना करने की समझाइश भी दी। एसडीएम उदय सिंह सिकरवार का कहना है के इन लोगों द्वारा सड़क पर अतिक्रमण किया था जिससे वाहनों के आवागमन में परेशानी हो रही थी जिसको देखते हुए आज प्रशासन द्वारा यह मुहिम चलाई जा रही है। जिससे इस चौराहे पर जाम से निजात मिलेगी। एवं शहर में और भी कई जगह पर यह मुहिम चलाई जाएगी। वहीं पर यातायात थाना प्रभारी रंजीत सिंह सिकरवार जी ने बताया कि ओटो टमटम व अन्य वाहनों की वजह से आए दिन सुभाष चौराहे पर जाम की स्थिति पैदा हो रही थी।तथा नगर पालिका सीएमओ ने सौंदर्यीकरण के बारे में भी बात कही आगे चलकर इस चौराहे को सुंदर व लुभावना बनाया जाएगा अगर प्रशासन इसी प्रकार मुस्तैदी से काम करें तो यह नौबत नहीं आए कुछ दिन बाद ही दुकानदार अपनी दुकान फिर रख लेंगे जब दुकानदार यह दुकान लगाए तो उसी समय उनको रोक दिया जाए तो यह नौबत कभी नहीं आएगी। भिंड की सड़कें चौड़ी एवं अच्छी दिखाई देने लगेंगी।

# संसदीय कार्य मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा का आचरण असंसदीय हैः डॉ गोविंद सिंह

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भोपाल। विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने प्रमुख सचिव विधानसभा भोपाल को पत्र लिखकर मध्यप्रदेश विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम 164 - 165 के तहत विशेष अधिकार हनन की सूचना देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा दिनांक 03 मार्च 2023 को सदन के अंदर कांग्रेस पक्ष के सदस्य मेरे नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष के विरूद्ध दिये गये संकल्प पर चर्चा कराये जाने की मांग कर रहे थे उसी दौरान संसदीय कार्य मंत्री श्री नरोत्तम मिश्रा ने अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए आवेश में आकर मध्यप्रदेश विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियम की पुस्तिका को मेरे ऊपर निशाना साधते हुए फेंककर मारी जो कि मेरे टेबल के सामने आकर मेरे ऊपर गिरी । संसदीय कार्य मंत्री नरोत्तम मिश्रा का यह आचरण असंसदीय है विधानसभा के इतिहास में नेता प्रतिपक्ष के ऊपर



इस प्रकार का हमला किया जाना अत्यन्त अपमानजनक है,उनका यह कृत्य सदन की अवमानना के साथ ही विपक्ष के सदस्यों के साथ - साथ मेरे विशेषाधिकारों का हनन किया जाना की परिधि में आता है। नेता प्रतिपक्ष डॉ सिंह ने कहा कि नरोत्तम मिश्रा संसदीय कार्य मंत्री के उक्त कृत्य के लिए उनके विरूद्ध विशेषाधिकार हनन की सूचना विधानसभा प्रमुख सचिव को देखर इस पर अविलम्ब कार्यवाही करने की मांग की है।

## अण्णमादेवी पूजा महोत्सव का आयोजन

**पुष्पाजंली टुडे**

बेंगलुरू। स्नेहजीवी गेळेयरा बळगा केंपापुर अग्रहरा द्वारा आयोजित श्री अण्णमादेवी पूजा महोत्सव में मुख्य अतिथि महेंद्र मुणोत ने मां अण्णम्मामा देवी की पूजा अर्चना कर अन्नदान



कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया। मुणोत ने सभी आयोजकों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जी-20 की बैठक और साझा प्रस्ताव

**समसामयिकः यूक्रेन युद्ध को लेकर जी-20 देशों के बीच गंभीर मतभेद हैं। साझा बयान की संभावनाएं कम हैं।**

रूस और चीन ने अध्यक्षीय सारांश और आउटकम डॉक्यूमेंट के उन दो पेराग्राफ पर आपत्ति जताई थी, जिनमें यूक्रेन में जारी रूसी 'युद्ध' का जिक्र किया गया था।विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बीते गुरुवार प्रेस वार्ता में कहा, रूस और यूक्रेन संघर्ष के बदलते हालात को ध्यान में रखते हुए हमें लगता है कि विदेश मंत्री स्तर की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होगी।

जी-20 देशों के वार्ताकारों ने बीती शाम एक बार फिर दिल्ली में मुलाक़ात करके उन मतभेदों को दूर करने की कोशिश की जिनके चलते गुरुवार शाम खत्म होने वाली विदेश मंत्री स्तर की बैठक का साझा बयान आना मुश्किल लग रहा है।बता दें कि यूक्रेन युद्ध को लेकर जी-20 देशों के बीच गंभीर मतभेद हैं, जिनकी वजह से साझा बयान जारी होने की संभावनाएं काफ़ी कम नज़र आ रही हैं।



अंग्रेजी अख़बार द हिंदू में प्रकाशित ख़बर के मुताबिक़, सूत्रों ने बताया है कि साझा बयान जारी कराने की कोशिश करना अपने आपमें काफ़ी महत्वाकांक्षी प्रयास था क्योंकि पिछले हफ़्ते बेंगलुरु में हुई वित्त मंत्री और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों की बैठक के बाद साझा बयान जारी करने पर सहमति नहीं बन पाई थी।

रूस और चीन ने अध्यक्षीय सारांश और आउटकम डॉक्यूमेंट के उन दो पैराग्राफ़ पर आपत्ति जताई थी, जिनमें यूक्रेन में जारी रूसी 'युद्ध' का ज़िक्र किया गया था।विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बीते गुरुवार प्रेस वार्ता में कहा, रूस और यूक्रेन संघर्ष के बदलते हालात को ध्यान में रखते हुए हमें लगता है कि विदेश मंत्री स्तर की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा होगी।

हालांकि, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान क्वात्रा ने साझा बयान जारी होने की उम्मीदों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने, मुझे नहीं लगता कि मेरे स्तर पर विदेश मंत्रियों की बैठक के नतीज़ों का पूर्व-आकलन करना ठीक होगा। मुझे लगता है कि हमें ये काम जी-20 के पदाधिकारियों पर छोड़ देना चाहिए।

कुछ राजनयिकों और अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की है कि भारत सरकार पश्चिमी देशों और चीन-रूस के बीच गंभीर मतभेदों के बावजूद एक ऐसा बयान तैयार कराने की उम्मीद लगाए हुए है जिस पर सभी पक्ष सहमत हो जाएं। और इस दिशा में यूक्रेन युद्ध का ज़िक्र करने वाले दो पैराग्राफ़ ही रोड़ा बनकर खड़े हुए हैं।अब तक ये भी स्पष्ट नहीं है कि रूस और चीन पिछले साल वाली में जारी हुए जी-20 देशों के साझा बयान की भाषा को स्वीकार करेंगे या नहीं।

इन मसलों को गुरुवार सुबह शुरू होने वाली बैठक से पहले सुलझाने के लिए ही बुधवार देर रात तक वार्ताकारों की बैठक चलती रही।बेंगलुरु में हुई बैठक के बाद सामने आए मतभेदों से जुड़े सवाल पर भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने कहा है, रूस और चीन इस पर राज़ी नहीं हुए हैं। आपको उनसे पूछना चाहिए कि उनका नज़रिया क्या है और क्या वे बाली में जारी हुए बयान को स्वीकार नहीं रहे हैं? ये बात आपको उनसे ही पूछनी होगी।

बुधवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक के बाद एक कई द्विपक्षीय वार्ताएं की ताकि जी-20 देशों की ओर से एक साझा बयान जारी हो सके। जी-20 देशों में दुनिया के सबसे समृद्ध और विकासशील देश शामिल हैं।

*(शेष बॉलीवुड पेज पर)*

**समाचार विश्लेषण :**

# नाइजीरिया ने चुना अपना नया राष्ट्रपति

यह नाइजीरिया में अब तक हुए सबसे निष्पक्ष चुनाव हैं। हालांकि वोटिंग के दौरान कुछ जगहों पर नई तकनीक के कारण समस्याएं भी आईं। देश के चुनाव आयोग ने हर पोलिंग यूनिट के नतीजे रियल टाइम में वेबसाट पर अपलोड करने का वादा किया था। लेकिन ज्यादातर यूनिटें ऐसा नहीं कर सकीं।

अफ्रीकी महाद्वीप में सबसे ज्यादा आबादी वाले देश नाइजीरिया ने अपना नया राष्ट्रपति चुन लिया है। पर्दे के पीछे से देश की राजनीति चलाने वाले बोला टिनुबू अब राष्ट्रपति के तौर पर कई समस्याओं का सामना करेंगे। 71 साल के बोला टिनुबू को अफ्रीका के सबसे बड़े शहर लागोस का गॉडफादर भी कहा जाता है। नाइजीरिया की राजधानी भले ही अबूजा हो, लेकिन देश, वित्तीय राजधानी लागोस के पैसे ही चलता है और इस रकम का बड़ा हिस्सा टिनुबू के इशारों पर घूमता रहा है। 2023 में नाइजीरिया में पहली बार सेना की छाया से आजाद होकर नए राष्ट्रपति के चुनाव हुए। फरवरी के आखिर में हुए इन चुनावों में सत्ताधारी पार्टी, ऑल प्रोग्रेसिव कॉन्ग्रेस के उम्मीदवार टिनुबू की जीत हुई।

नाइजीरिया के राष्ट्रपति चुनावों में सबसे ज्यादा वोट और कुल 36 में से 24 राज्यों व राजधानी अबूजा में 25 फीसदी वोट पाने वाला उम्मीदवार विजेता घोषित किया जाता है। टिनुबू ने इसमें सफलता पाई। चुनावी नतीजों के एलान के बाद राजधानी अबूजा में टिनुबू ने कहा, मैं बहुत ही खुश हूं कि मुझे फेडरल रिपब्लिक ऑफ नाइजीरिया का राष्ट्रपति चुना गया है। यह एक जबरदस्त जनादेश है। मैं तहेदिल से इसे स्वीकार करता हूं।

पर्यवेक्षकों के मुताबिक यह नाइजीरिया में अब तक हुए सबसे निष्पक्ष चुनाव हैं। हालांकि वोटिंग के दौरान कुछ जगहों पर नई तकनीक के कारण समस्याएं भी आईं। देश के इंडिपेंडेंट नेशनल इलेक्टोरल कमीशन (आईएनईसी) ने चुनाव से पहले हर पोलिंग यूनिट के नतीजे रियल टाइम में वेबसाट पर अपलोड करने का वादा किया था। लेकिन ज्यादातर यूनिटें ऐसा नहीं कर सकीं। परिणाम आने के बाद भी हजारों पोलिंग यूनिटों के रिजल्ट ऑनलाइन नहीं हो सके। इन तकनीकी खामियों के चलते मुख्य विपक्षी पार्टियों ने चुनाव में धांधली का आरोप लगाते हुए नतीजों को खारिज किया है। नाइजीरिया के पूर्व राष्ट्रपति मुहम्मदू बुहारी के समर्थक रहे टिनुबू अब पर्दे के पीछे की राजनीति से बाहर निकल चुके हैं। नए राष्ट्रपति के सामने चुनौतियों की लंबी लिस्ट है। इनमें पूर्वोत्तर नाइजीरिया में इस्लामिक उग्रवाद, हत्याएं और सामूहिक अपहरण जैसी मुश्किलें भी हैं और ऊर्जा संकट और अथाह भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियां भी।

इस्लामिक चरमपंथियों की बढ़ती ताकत एक अलग सिरदर्द है। अप्रैल 2014 में पूर्वोत्तर नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत में इस्लामिक आतंकी संगठन बोको हराम ने चिबॉक के स्कूल से 276 छात्राओं का अपहरण कर लिया। अगवा की गई छात्राओं में ज्यादातर ईसाई थीं। इनमें से कई लड़कियां आज भी घर नहीं लौटी हैं। मानवाधिकारों का मुद्दा उठाने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक 2015 में भी बोको हराम ने करीब 2000 महिलाओं को अगवा किया। इनमें से ज्यादातर को आतंकियों ने सेक्स स्लेव बनाया। देश में आज भी हर साल सैकड़ों महिलाओं का अपहरण होता है।

जलवायु परिवर्तन के चलते पशु पालकों और किसानों में हो रहा संघर्ष, कचरे की समस्या, मिट्टी की खराब होती क्वालिटी और जंगलों की कटाई भी नाइजीरिया के लिए बड़ी परेशानी हैं। 2005 में देश दुनिया में सबसे तेज रफ्तार से जंगल साफ करने के लिए बदनाम हो चुका है।

**अपनी बात**

**संपादकीय**

## उत्तर-पूर्व का संदेश

पहले की तरह इन्कम्बेंसी-एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठ रह कर विपक्षी दल भाजपा को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नौ साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंदगी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है।

*उत्तर-पूर्व के तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों से एक बार फिर भारतीय राजनीति के बदले संदर्भ बिंदु की पुष्टि हुई है। विपक्ष को कम से कम अब इस नए रुझान से संदेश ग्रहण करना चाहिए। संदेश यह है कि पहले की तरह इन्कम्बेंसी-एंटी इन्कम्बेंसी के भरोसे बैठे रह कर वह भारतीय जनता पार्टी को हराने की आशा नहीं रख सकते। भाजपा ने गुजरे नो साल में लोगों की राजनीतिक पसंद को उनकी रोजमर्रा की जिंदगी के सवालों से अलग करने में कामयाबी पा ली है। ऐसा उसने अपने खास राजनीतिक एजेंडे के आधार पर किया है, जिसके साथ देश के शासक वर्ग का तारतम्य बन गया है। इस वर्ग के साथ होने के कारण भाजपा के पास तमाम तरह के असीमित संसाधन उपलब्ध हैं। राजनीति में अक्सर पैसा और प्रचार की ताकत निर्णायक होते रहे हैं। आज इन मोर्चों पर विपक्षी पार्टियां भाजपा के सामने कहीं खड़ी नहीं हैं। जिन संवेधानिक संस्थाओं पर बहुत भरोसा किया जाता है, चूंकि उनके संचालक भी मुख्य रूप से समाज के ऊपरी तबकों से ही आते हैं, इसलिए उन संस्थाओं और भाजपा के राजनीतिक प्रोजेक्ट में आज एक खास तरह की समानता नजर आती है।*

*यह ऐसी स्थिति है, जिसे नजरअंदाज कर किसी चुनाव नतीजे को नहीं समझा जा सकता। इस परिस्थिति में विपक्ष राजनीति की समझ और शैली बदल कर ही अपनी भूमिका बना सकता है। इस दिशा में प्रयास होने के अभी तक सीमित संकेत ही मिले हैं। राहुल गांधी ने जरूर भारत जोड़ो यात्रा करके इस ओर पहल की, लेकिन अभी यह महज एक शुरुआत ही है। यह दरअसल, बहुत लंबी यात्रा होगी, जिसमें लोगों के साथ लगातार संवाद और संपर्क में रहना होगा। परिश्रम साध्य चुनोती को स्वीकार करने वाली राजनीतिक ताकत ही अपने विचारों को लेकर ऐसा जन समर्थन बना पाएगी, जिसका प्रभाव देश की राजनीति पर पड़ सके। फिलहाल चूंकि विपक्ष का पूरा ध्यान एक से दूसरे चुनाव पर टिका रहता है।*

## दो पाटन के बीच में...

कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण छोटे देशों की बनी मुसीबत के बीच दुनिया की दो बड़ी ताकतें अपनी गोटी खेल रही हैं। उन्होंने संकट में मदद देने के नाम पर इन देशों को दूसरे के पाले से खींचने की रणनीति अपना ली है।

*पाकिस्तान सरकार के लिए यह समझना टेढ़ी खीर हो गया है कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) उसे 6.5 बिलियन डॉलर के मंजूर कर्ज की किस्तें जारी क्यों नहीं कर रहा है। शहबाज शरीफ सरकार ने कहा है उसने भारी सियासी जोखिम उठा कर आईएमएफ की सख्त शर्तों को लागू किया है। इसके बावजूद आईएमएफ का रुख नरम नहीं हुआ है। तो उसने फिर से अमेरिका से गुहार लगाई है। इसके पहले भी अमेरिका से पाकिस्तान के उच्च अधिकारी गुजारिश करते रहे रहें हैं कि वह आईएमएफ में अपने प्रभाव का इस्तेमाल करें। यह तो जग-जाहिर है कि आईएमएफ में अंतिम फैसला अमेरिका की मर्जी से होता है। मगर उससे तमाम गुजारिशों के बावजूद हकीकत यह है, जैसाकि पाकिस्तान सरकार के अधिकारियों ने कहा है कि आईएमएफ बार-बार "गोल पोस्ट बदल" रहा। तो क्या पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशहाक डार की मंगलवार को अमेरिका के उप वित्त मंत्री वैली अडेयमो के साथ हुई ऑनलाइन बातचीत के बाद उसका रुख कुछ बदलेगा? इस बात के कोई संकेत नहीं हैं। इस बीच पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति हर रोज अधिक बिड़गती जा रही है।*

*पाकिस्तान सरकार के डिफॉल्टर होने की आशंका गंभीर रूप ले चुकी है। उधर इस हफ्ते पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका लगा, तब अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी मूडीज ने उसका दर्जा और गिरा दिया। पाकिस्तान सरकार के सूत्रों ने मीडिया से बातचीत में आईएमएफ के नजरिए पर खुला असंतोष जताया है। उनके मुताबिक पाकिस्तान पर कई तरह के दबाव डाले जा रहे हैं। वैसे अगर इस प्रकरण के भीतर जाकर झांकें, तो पाकिस्तान की मुसीबत का असल कारण उसका मोजूदा भू-राजनीतिक होड़ के बीच क्रॉस-फायरिंग में फंस जाना नजर आएगा। कोरोना महामारी और यूक्रेन युद्ध के कारण छोटे देशों की बनी मुसीबत के बीच दुनिया की दो बड़ी ताकतें अपनी गोटी खेल रही हैं। उन्होंने संकट में मदद देने के नाम पर इन देशों को दूसरे के पाले से खींचने की रणनीति अपना ली है।*

**नागपुर और दिल्ली में टेस्ट तीन-तीन दिन में निपटने के बाद इंदौर में चल रहा तीसरा टेस्ट भी तीसरे दिन से आगे चलता नहीं दिख रहा है। बाकि जैसा जीवन के लिए कहा जाता हैं वैसे ही क्रिकेट के बारे में कुछ भी कहना जीवन और क्रिकेट दोनों की नासमझी ही होगी। कई साल पहले तक तो छह दिन के टेस्ट में एक दिन आराम का भी होता था। फिर बिना कोई आराम के पांच दिन के टेस्ट होने लगे। और अब केवल जीतने के लिए तीन-तीन दिन के टेस्ट मैच हो रहे हैं।**



■ संदीप जोशी

# टेस्ट क्रिकेट: पिच पर खेलना या पिच से खेलना?

"क्रिकेट एक भारतीय खेल था जिसकी खोज गलती से अंग्रेजों ने की।" भारत में क्रिकेट के जुनून को देखते हुए चर्चित समाजशास्त्री आशीष नंदी का यह मानना रहा है। इतिहासकारों ने जो भी लिखा हो, अपन आशीष नंदी से इस पर बहस नहीं करेंगे। अपन मानते हैं केवल भारत ही नहीं बल्कि जिसको भी जीवन से प्रेम है उसको क्रिकेट खेल से भी प्रेम जरूर रहा होगा। भारत में क्रिकेट की लोकप्रियता, किसी भी अन्य लोकप्रियता पर भारी पड़ती है। आप जानते ही हैं आस्ट्रेलिया का भारत दौरा चल रहा है। विश्व टेस्ट विजेता होने की होड़ लगी है। पिच पर स्पिन-स्पिन का खेल चल रहा है।

नागपुर और दिल्ली में टेस्ट तीन-तीन दिन में निपटने के बाद इंदोर में चल रहा तीसरा टेस्ट भी तीसरे दिन से आगे चलता नहीं दिख रहा है। बाकि जैसा जीवन के लिए कहा जाता हैं वैसे ही क्रिकेट के बारे में कुछ भी कहना जीवन और क्रिकेट दोनों की नासमझी ही होगी। कई साल पहले तक तो छह दिन के टेस्ट में एक दिन आराम का भी होता था। फिर बिना कोई आराम के पांच दिन के टेस्ट होने लगे। और अब केवल जीतने के लिए तीन-तीन दिन के टेस्ट मैच हो रहे हैं। यानी पिच ऐसी बनायी जाने लगी की अपने स्पिन गेंदबाजों को ही मदद मिले। जबकि जीवन की तरह क्रिकेट की पिच धीरे-धीरे ही मुश्किल होती जानी चाहिए। लेकिन अगर पहले दिन ही गेंद उपर-नीचे और तेजी से घूमने लगे तो दोनों टीम के बल्लेबाजों के साथ अन्याय ही माना जाएगा।



अगर याद करें तो पहली बार ऐसा सन् 1988 में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ चेन्नई टेस्ट में हुआ था। रवि शास्त्री भारत के कप्तान थे। उन्हीं ने चेन्नई पिच को सूखा रखवाकर कमजोर तैयार करवाया था। पहले ही टेस्ट में नरेन्द्र हिरवानी ने 18 विकेट ले कर विश्व कीर्तिमान बनाया था। अपनी क्रिकेट को बेदी, चन्द्रा, प्रसन्ना और वेंकट की स्पिन चोकड़ी से जाना जाता रहा। घरेलू पिच बिना घास की बेहद धीमी और कम उछाल वाली रही हैं। समझा और देखा जाए तो घरेलू पिच स्पिन गेंदबाजी के भी अनुकूल नहीं रही हैं। क्योंकि स्पिन से खतरे के लिए भी पिच पर उछाल और तेजी चाहिए। वो तो बेदी और प्रसन्ना विदेश में बल्लेबाजों को हवा में चकमा देते थे, तो चन्द्रा और वेंकट घरेलू पिच पर अपनी गति से करामात दिखाते थे। मान्यता रही है कि स्पिन गेंदबाजी कुछ इंचों का ही मामला है ; वो जो अपने कानों के बीच में है।

चेन्नई में शास्त्री का अविष्कार सफल रहा। अपने स्पिन गेंदबाजों को खूब रास आया। फिर तो 1990 के दशक में हर विदेशी टीम को घर पर भारत ने धोया और हराया। पिच को सूखा छोड़ कर, कमजोरी में तैयार करने से अपने स्पिन गेंदबाज सफल होते रहे। भारत को उसकी घरेलू पिच पर हराना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन लगने लगा था। इन्हीं पिचों पर अपनी तेजी से कुंबले ने तंग किया, हरभजन ने हैरान किया और अब अश्विन चमका रहे हैं। लेकिन फिर सन् 2012 में भारत आयी इंग्लैंड के स्पिन गेंदबाज मॉंटी पानेसर और ग्राहम स्वॉन ने दो टेस्ट और श्रृंखला जीत कर सभी को हैरान कर दिया। समझ आया कि इंग्लैंड और भारत की स्पिन गेंदबाजी की गति में फर्क था जिसके कारण इंग्लैंड के बल्लेबाज भारत से ज्यादा अच्छा खेल पाए।

भारत की पिच क्योंकि धीमी, कम उछाल और स्पिन बेहद धीरे होती हैं इसलिए बल्लेबाजों को कदमों का इस्तेमाल करने की सीख दी जाती रही है। अब कदमों को नापने, जकड़ने के लिए स्पिन गेंद की गति में तेजी लायी जाने लगी। पिच को सूखा, आधा तैयार या लगभग अखाड़ा छोड़ा जाने लगा। इन पिचों पर भी डीआरएस के कारण एलबीडब्ल्यू ज्यादा होने लगे। घरेलू पिच पर शेर बने अपने क्रिकेट खिलाड़ी फिर भी विदेशी पिच पर हारते ही रहे। लेकिन समय फिर बदला। अपने तेज गेंदबाज भी विदेश में सफल होने लगे। विदेश में जीतने की शुरूआत होने पर घर पर भी जीत का लालच प्रकृति से खिलवाड़ का बहाना बना।

विज्ञान और तकनीक के दुरुपयोग से जो खिलवाड़ मानव अपने जीवन में कर रहा है वही खिलवाड़ क्रिकेट में जीत के लालच का कारण बन गया है। पिच पर खेलिए, पिच से नहीं। कतई, यह क्रिकेट नहीं है।

# विधानसभा अध्यक्ष विपक्ष के साथ कर रहे है पक्षपातः डॉ गोविंद सिंह

## विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम को हटाने के लिए विपक्ष ने की मांग, प्रमुख सचिव सचिवालय विधानसभा को नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह सहित विपक्ष के विधायकों ने हस्ताक्षर कर पत्र लिखा

**पंकज त्रिपाठी स्टेट हेड मप्र**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भोपाल ।** मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय भोपाल के प्रमुख सचिव को सम्बोधित करते हुए नेता प्रतिपक्ष डॉ गोविंद सिंह सहित अन्य कांग्रेस के विधायकों ने हस्ताक्षर कर विधानसभा अध्यक्ष को हटाने की मांग की है। विपक्ष ने दिये गए पत्र में बताया कि मध्यप्रदेश विधान सभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी के नियम 145 (1) के तहत अध्यक्ष को पद से हटाने के लिये संकल्प की सूचना दी है। विधानसभा विपक्ष ने प्रमुख सचिव को दिये हस्ताक्षर पत्र में कहा कि हम अधोहस्ताक्षरकर्ता विधानसभा के सदस्यगण विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष म.प्र. विधानसभा को पद से हटाने के लिये निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करते है। यह सदन मध्यप्रदेश विधानसभा के वर्तमान अध्यक्ष गिरीश गौतम के प्रति अविश्वास प्रकट करता है। अतः उन्हें पद से हटाये जाने की मांग की है। विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि म.प्र. विधानसभा के अध्यक्ष गिरीश गौतम द्वारा आसंदी से निष्पक्ष कार्यवाही का संचालन न करते हुए सत्तापक्ष के दबाब में कार्यवाही कर रहे। दिनांक 02 मार्च 2023 को राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्तापक्ष के सहयोग और उनके भ्रष्टाचार तथा फिजूल खर्चे की बात को सदन में नहीं आने की मंशा



स्वरूप अध्यक्ष ने दिनांक 02 मार्च 2023 को कांग्रेस पक्ष के वरिष्ठ विधायक जीतू पटवारी को बिना किसी वैध कारण के तानाशाही पूर्ण तरीके से पूरे सत्र के लिये निलंबन कर दिया। अध्यक्ष सत्ता पक्ष के दबाब में बजट सत्र को समाप्त करने की भूमिका बना रहे है। पिछले बजट सत्र में भी अनुदान मांगों को गुलेटिन समय से पहले समाप्त कर दिया गया था। मांगों के गुलेटिन करने की इस विधानसभा की परंपरा नही रही है, लेकिन छोटे सत्र बुलाने की सत्तापक्ष की कोशिश पर रोक नही लगाना और छोटे सत्रों को भी पूरा नही होने देने में अध्यक्ष सत्तापक्ष का साथ दे रहे है ताकि सत्तापक्ष के भ्रष्टाचार और कर्ज को लेकर फिजूल खर्चे जनता के सामने न आ सके इस प्रकार अध्यक्ष प्रतिपक्ष के सदस्यों के हितों के विपरीत काम कर रहे है। कांग्रेस सदस्य के विरूद्ध की गई कार्यवाही में भी सत्तापक्ष की सोची समझी रणनीति में अध्यक्ष ने साथ दिया है। इस प्रकार से प्रतिपक्ष को कुचलना चाहते है। इसके अलावा विधानसभा प्रश्नों को मनमाने तरीके से अप्राय किया जा रहा है, और महत्वपूर्ण प्रश्नों के उत्तर विगत कई सत्रों से नही आ रहे है। शासन की तरफ से जबाब दिया जाता है कि जानकारी एकत्रित की जा रही है। इस ओर कई बार अध्यक्ष का ध्यान आकर्षित कराये जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जाती है। संविधान की अपेक्षा के अनुरूप अध्यक्ष को दलगत भावना से ऊपर उठकर सदन की कार्यवाही का संचालन किया जाना चाहिये, किंतु अध्यक्ष सत्ता पक्ष के दबाब में एक पक्षीय कार्यवाही लगातार कर रहे है। अलोकतांत्रिक, असंसदीय कार्य करके इन्होंने अध्यक्ष के पद पर बने रहने का अधिकार खो दिया है। कृपया उक्त संकल्प पर आज ही अविलंब चर्चा कराने की मांग की।

# होली त्योहार को लेकर शांति सीमित की बैठक सम्पन्न

## होली त्योहार को लेकर शांति सिमित की बैठक सम्पन्न

**गौरव शर्मा पुष्पांजलि टुडे**

**कैलारस-** एस डीओपी संजय कोच्छा थाना प्रभारी वेदेन्द्र कुशवाह ने बताया कि होली के त्यौहार को लेकर कैलारस थाना परिसर में शान्ति सीमित बेठक का आयोजन किया। बैठक के दौरान उन्होंने कहा कि होली के त्योहार को शांति और सद्भावना ओर भाई चारे के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर मनाये बही केमिल के रंगों का उपयोग न करे केमिकल के रंग शरीर के लिए खराब होते है बही होली के त्योहार पर ज्यादा पानी बर्बाद न करे बही कीचड़ मिट्टी की होली न खेले एव होली के त्योहार पर लड़ाई झगड़ा न करे होली के त्योहार पर डीजे पूर्ण तह प्रतिबंधित रहेगा बही शराब की दुकानें पूर्ण तह बंद रहेगी होली के त्योहार पर किसी प्रकार के नशे का सेवन ना करे शांति से होली का त्योहार मनाये बही होली पर त्योहार पर ऐसी गतिविधियों में शामिल ना



बिगाड़ने की कोशिश करते है तो तत्काल पुलिस को सूचित करें जिससे उनपर कार्रवाई की जा सके बही शांति सीमित की बैठक म शहर के गणमान्य नागरिक सहित प्रशाशनिक अधिकारी उपस्थित रहे उपस्थित गणमान्य नागरिकों ने भी होली के त्योहार को लेकर कुछ सुजाब दिये एव कुछ समस्याएं भी बताई बैठक में नायब तहसीलदार शिवम उपाध्याय मौजूद रहे।

कि पुलिस को कार्रवाई करनी पड़े बही होली के त्योहार पर जगह जगह पुलिस पॉइन्ट लगाए जाएंगे एव पुलिस पेट्रोलिंग की भी व्यवस्था की जाएगी बही अमनागरिको से अपील करते हुये कहा कि अगर आपके आसपास होली के त्योहार पर असमाजिक तत्व होली के त्योहार माहौल

# भगोरिया पर्व पर पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ने सभी आदिवासी भाईयों को पर्व की शुभकामनाएं दी





**मुन्ना खान खरगोन पुष्पांजलि टुडे**

**टांडा बरूड़।** हाटबाजार में बाजार होने के साथ साथ आदिवासीयों का भगोरिया पर्व भी होने पर भगवानपुरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक केदार डावर मानवाधिकार सुरक्षा संघ के जिलाध्यक्ष कमल कुमार गांगले, पैसा एक्ट अध्यक्ष शिवभानु मंडलोई, एकता परिषद अध्यक्ष सुभाष डावर, डोंगरचिचलि सरपंच सुखलाल मकवाने, हीरालाल वास्कले, संजू बामनिया, रूपेश प्रजापत, जयस के राजेंद्र पँवार, बिस्टान कांग्रेश ब्लॉक महामंत्री पंकज सिंह ठाकुर बलाई समाज अध्यक्ष मनोज कोचले पूर्व सरपंच गीना अच्छाले धन्नालाल वर्मा जमील शेख सुभाष पटेल दीपक दवाने आदि जनसमूह द्वारा भगोरिया पर्व को देखा गया आदिवासियों को पर्व की शुभकामनाएं दी।विधायक महोदय ने बताया गया की भगोरिया पर्व हमारा महत्वपूर्ण त्योहार है और हम आदिवासियों द्वारा बड़े अच्छी तरह मनाया जाता है आदिवासियों द्वारा तिर कमान ढोल नगाड़ों के साथ भगोरिया पर्व मनाया जाता है टांडा बरूड़ थाना प्रभारी लक्ष्मन सिंह लौवंशी की पुलिस टिम द्वारा हाटबाजार में गस्त करते हुए,कानुन व्यवस्था बनी रहे ऐसे निर्देश दिए गए ।

# दोहरे नामों के विलोपन की कार्यवाही हेतु अधिकारियों की लगी ड्यूटी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीश कुमार एस ने म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार पंचायतों एवं नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण 2023 के संदर्भ में मतदाता सूची में दो स्थानों पर मतदाताओं के नाम दर्ज होने के संबंध में मुख्य रूप से संबंधित रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को जांच सूची एवं डुप्लीकेट सूची की गहनता से जांच करना है। मतदाता सूची में मतदाता के नाम दो या दो से अधिक निकायों में होने पर दोहरे नामों के विलोपन की कार्यवाही करने हेतु डुप्लीकेट सूची में दर्ज मतदाताओं के संबंध में अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने पंचायतों के लिए डुप्लीकेट मतदाता, जिनके नाम एक ही विकास खण्ड में दो या दो से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं पर कार्यवाही हेतु संबंधित क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की ड्यूटी लगाई है। इसीप्रकार डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिनके नाम जिले के दो या दो से अधिक विकास खण्डों में दर्ज हैं के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास खण्ड अधिकारी श्री उदयसिंह सिकरवार, डुप्लीकेट मतदाता जिनके नाम जिले के ही नगरीय निकाय एवं पंचायत दोनों की मतदाता सूची में दर्ज हैं को संबंधित विकास खण्ड के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई की जाएगी एवं यदि मतदाता का नाम पंचायत सूची में रखे जाने का निर्णय लिया जाता है तो इसकी सूचना नगरीय निकाय के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दी जाएगी। इसीप्रकार नगरीय निकाय के मामले में डुप्लीकेट मतदाता, जिनके नाम एक ही नगरीय निकाय में दो या दो से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं पर कार्यवाही संबंधित क्षेत्र के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा की जाएगी। डुप्लीकेट मतदाताओं की सूची जिनके नाम जिले के दो या दो से अधिक नगरीय निकायों में दर्ज हैं के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विकास खण्ड मेहगांव श्री वरूण अवस्थी, डुप्लीकेट मतदाता जिनके नाम जिले के ही नगरीय निकाय एवं पंचायत दोनों की मतदाता सूची में दर्ज हैं को संबंधित नगरीय निकाय के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा मतदाता को सूचना पत्र जारी कर सुनवाई की जाएगी एवं यदि मतदाता का नाम नगर पालिका मतदाता सूची में रखे जाने का निर्णय लिया जाता है तो इसकी सूचना पंचायत निकाय के रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को दी जाएगी।

# पुलिस अधीक्षक ने 08 अपराधियों पर किया 35 हजार का ईनाम घोषित

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस अधीक्षक शैलेद्र सिंह चौहान ने 08 अपराधियों को बंदी बनाने या बंदी करवाने या बंदीकरण का विरोध किये जाने पर विधिसंगत आवश्यक शक्तियों का प्रयोग कर जो उसे बंदी करवायेगा या बंदी करवाने के लिए सूचना देगा उसे पुरूस्कृत किया जाएगा। जिन अपराधियों पर ईनाम घोषित की गई है उनमें अपराधी जाकिर खांन पुत्र मुन्नू खांन निवासी वार्ड क्र.7 मिहोना थाना मिहोना, आदिल खांन पुत्र हामिद खांन निवासी वार्ड क्र.7 मिहोना थाना मिहोना, राकेश परिहार पुत्र रामचरण परिहार निवासी बंजारे का पुरा मौजा पिपरौली थाना गोहद, प्रवेश परिहार पुत्र रामचरण परिहार निवासी बंजारे का पुरा मौजा पिपरौली थाना गोहद पर 5000-5000 रूपये, पूरन उर्फ पुत्तू पुत्र रामचरण परिहार निवासी बंजारे का पुरा मौजा पिपरौली थाना गोहद को 7500 रूपये, जगमोहन पुत्र सत्यनारायण परिहार निवासी बंजारे का पुरा मौजा पिपरौली थाना गोहद, मंगल उर्फ बल्ली पुत्र रामचरण परिहार निवासी बंजारे का पुरा मौजा पिपरौली थाना गोहद एवं वाहिद खांन पुत्र बब्बू खान निवासी वार्ड क्र.7 मिहोना हाल बप्पा मील के सामने गली जालौन उ.प्र. पर 2500-2500 रूपये का ईनाम घोषित किया है।

# दो आंगनबाडी कार्यकर्ताओं को कारण बताओ नोटिस जारी

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना भिण्ड ग्रामीण द्वारा आंगनबाडी कार्यकर्ता सुखवासी का पुरा श्रीमती लक्ष्मी जाटव एवं छक्पुरा श्रीमती अनुराधा यादव को हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षा में ड्यूटी पर उपस्थित न होने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। परियोजना अधिकारी भिण्ड ग्रामीण ने बताया कि आंगनबाडी कार्यकर्ता सुखवासी पुरा श्रीमती लक्ष्मी जाटव एवं आंगनबाडी कार्यकर्ता छक्पुरा श्रीमती अनुराधा यादव की ड्यूटी परीक्षा केन्द्र रामहर्षण डीएड कॉलेज मोरकुटी अकोड़ा में परीक्षार्थियों की केन्द्र पर केन्द्राध्यक्ष के निर्देशन में सर्च हेतु लगाई गई थी। किन्तु आप लगाई गई ड्यटी परीक्षा केन्द्र पर अनुपस्थित रहीं। आप आगामी परीक्षा में केन्द्र पर उपस्थिति दर्ज कराकर जवाब साक्ष्य सहित समयावधि में प्रस्तुत करें।

# जनसेवा मित्रों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ समाप्त

**पुष्पांजलि टुडे रिपोर्टर**
**अभिषेक कुशवाह**

सिरोंज/ विदिशा। जिले के शासकीय अग्रणी कन्या महाविद्यालय में मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों



का दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जहां जिले के विभिन्न विभागों जैसे सामाजिक न्याय विभाग, जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, राज्य आजीविका मिशन, मनरेगा, जिला श्रम विभाग, पंचायती राज विभाग , स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों के द्वारा अपने -अपने विभाग से सबंधित हितग्राही मूलक योजनाओं की जानकारी मुख्यमंत्री जनसेवा मित्रों को दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सीईओ योगेश भरसट के द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के कार्य की सराहना की गई तथा उनको जिला प्रशासन की तरफ से सभी प्रकार के सहयोग करने की बात की गई जिला पंचायत सीईओ के द्वारा लाडली बहना योजना में जन सेवा मित्रो को ज्यादा से ज्यादा लाभार्थी को जोड़ने की बात की गई। मुख्यमंत्री फेलो निकेत शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों को अनुसंधान के मूलभूत सिद्धांतों से अवगत कराया गया वहीं अटल बिहारी सुशासन एवं नीति विश्लेषण संस्थान की वरिष्ट सलाहकार पल्लवी के द्वारा इंटर्नशिप के मुख्य उद्देश्य और इंटर्न को कार्य करते हुए तकनीक रूप से आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे करें इस संबद्ध में जानकारी प्रदान की गई। गांधी फेलो अंकित चौबे द्वारा फील्ड वर्क में आने वाली चुनौतियां पर इंटर्न से परिचर्चा की गई।प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रो को सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान कर ,उनके माध्यम से जानकारी आम जन तक पहुँच सकें और यह सुनिश्चित हो सकें कि हित लाभ वितरण की प्रक्रिया में कोई भी पात्र व्यक्ति छूट ना जाए जिसमें कार्यक्रम का आभार सीएम फेलो निकेत शर्मा के द्वारा किया गया।

# राजकीय सिद्धप्पाजी विद्या संस्थान का वार्षिकोत्सव मनाया



**पुष्पाजंली टुडे**

**मैसूरु।** जिला के बनूर के समीप माकनाहल्ली स्थित राजकीय सिद्धप्पाजी विद्या संस्थान का 5 वां.वार्षिकोत्सव मनाया गया द्य सरस्वती देवी की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया द्य विद्यार्थियों ने कन्नड़ कला संस्कृति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी द्य विजेताओं को संस्था के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित द्वारा पुरस्कार देकर स्मृति चिन्ह देते हुए प्रशस्ति पत्र दिए गए। संस्था की ओर से समाजसेवी महेंद्र सिंह राजपुरोहित का सम्मान किया गया द्य इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष लिंगेगौड़ा, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपुरोहित बन्नूर, सचिव इंजीनियर नागराज, शिक्षक माई गौड़ा, विजेंद्र प्रभु, शिव कुमार,नारायणापा, रवि, वन्या सिंह,विराट सिंह सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

# एशियाई समुदाय के द्वारा यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट कार्लोस, सेबू सिटी, फिलीपींस में आठवें आईसीओएएसएल, अधिवेशन में शोध पत्र प्रस्तुत किया

**सोनू कुमार माथुर पुष्पांजलि टुडे**

**लखनऊ।** विशेष पुस्तकालय संघ, मैकलीन, वर्जीनिया (अमेरिका) एशियाई समुदाय (एसएलए-एशिया) का आठवां अधिवेशन यूनिवर्सिटी ऑफ सेंट कार्लोस, तालम्बन परिसर सेबू सिटी, फिलीपींस में दिनांक 22से 24 फरवरी 2023 को आयोजित हुआ। जिसमें विश्व समुदाय से लगभग तीन सौ पुस्तकालय पेशेवरों ने भाग लिया द्ब इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (केंद्रीय विश्वविद्यालय) लखनऊ, उत्तर प्रदेश से प्रो. एम.पी. सिंह को शोध पत्र प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया। प्रो. सिंह वर्तमान में विशेष पुस्तकालय संघ, (एसएलए) एशिया कम्युनिटी 2023-25 के लिए अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित हुए हैं। इस सम्मेलन में प्रो. सिंह ने शोध पत्र कोविड-19 के दौरान हाईफ्लेक्स लर्निंग में विशेष पुस्तकालयों की प्रतिक्रिया- उत्तर प्रदेश, भारत के सीएसआईआर संस्थागत पुस्तकालयों का सर्वेक्षण÷ को प्रस्तुति किया द्ब तथा पेपर प्रस्तुति के दौरान उन्होंने बताया कि कोविड-19 के उपरांत शिक्षा तरीकों में काफी बदलाव आया है जिसका असर पुस्तकालयों पर भी पड़ा है, वर्तमान शिक्षा हाईफ्लेक्स अर्थात ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरीके से होने लगी है, जो छात्र एवं छात्राओं को अवसर प्रदान करती है कि वह किस प्रकार की शिक्षा को चुनना चाहते हैं, जिसके कारण पुस्तकालयों की भूमिका में आमूल-चूल परिवर्तन हुआ है और वह अपने उपयोगकर्ताओं को उनकी जरूरतों के मुताबिक पठन सामग्री उपलब्ध करा रहे हैं द्ब प्रस्तुत शोध के माध्यम से यह भी सुनिश्चित कराया गया कि ऑनलाइन तथा ऑफलाइन दोनों तरीकों की सुविधाओं में संतुलन बना रहे, प्रो. सिंह ने यह भी बताया कि हाईफ्लेक्स शब्द वर्तमान समय में काफी प्रचलित है और पुस्तकालयों को उपयोगकर्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपनी सुविधाओं में




बदलाव करना चाहिए जिससे वह अपने उपयोगकर्ताओं को अच्छी सेवाएं प्रदान कर सकें तथा यह शोध शीर्षक वर्तमान समय में काफी प्रासंगिक व उपयोगी है। कार्यक्रम के दौरान प्रो. सिंह ने विशेष पुस्तकालय संघ-एशियाई समुदाय (एसएलए-एशिया) के सदस्यों से भी भेंट की तथा विश्व समुदाय पुस्तकालय पेशेवरों के साथ मुलाकात कर पुस्तकालय के भविष्य निर्माण एवं विकास पर चर्चा काअपना अनुभव साझा किया तथा आने वाली चुनौतियां के बारे में भी एक दूसरे से जानकारी प्राप्त की। अपने इस शैक्षणिक कार्यक्रम के दौरान प्रो. सिंह ने सिंगापुर के राष्ट्रीय पुस्तकालय तथा फिलीपींस के सन कारलोस विश्वविद्यालय एवं अन्य प्रसिद्ध पुस्तकालयों, संग्रहालय, संस्थानों और प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण भ्रमण कर अद्भुत जानकारी प्राप्त की। इस कॉन्फ्रेंस ने व्यापक तौर पर सोचने का एक नया आयाम प्रदान किया है जो कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वास्तव में ये कॉन्ड़फ्रेंस वैश्ड़विक बुद्धिमत्ड़ता का प्रतिनिधित्ड़व करता है जो ज्ञान के नये सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाहन किया है। प्रो. सिंह का यह प्रेजेंटेशन एवं उनका शीर्षक वर्तमान समय में काफी प्रासंगिक व उपयोगी है। प्रो. सिंह ने कहा कि यह उनके जीवन की अविस्मरणीय स्मृति है। प्रो. सिंह ने सुझाव दिया कि वो चाहते हैं कि पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के उभरते पेशेवरों को भी सरकार द्वारा इस प्रकार के अंतरराष्टीय सम्मेलनों में भाग लेने का मौका मिलना चाहिए। प्रो. सिंह ने सीएसआईआर के द्वारा प्रदान आंशिक वित्तीय सहायता के लिए महानिदेशक, सीएसआईआर का आभार व्यक्त किया। अंत में प्रो. सिंह ने बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. संजय सिंह का आभार व्यक्त किया की उनके प्रेरणा एवं सकारात्मक सोच से वह इस प्रतिष्ठित सम्मलेन में भाग ले पाए। अंत में उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारियों एवं विभाग के सभी सदस्यों, शोधार्थियों और अपने पूरे परिवार, विशेष कर माता जी का तहे दिल से आभार प्रकट किया।

## एक नजर...

### लैनिंग बनीं दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान, जेमिमा उपकप्तान

**मुंबई** । दिल्ली कैपिटल्स ने विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के पहले सीजन की शुरुआत से पूर्व ऑस्ट्रेलिया की विश्व कप विजेता कप्तान मेग लैनिंग को अपनी महिला टीम की कमान सौंपी है। भारतीय बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स को उप-कप्तान बनाया गया है। लैनिंग ने यहां आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि डब्ल्यूपीएल महिला क्रिकेट के लिये बहुत बड़ा पल है। साल 2011 में पदार्पण करने वाली लैनिंग ने 2014 में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कमान संभाली थी। महिला क्रिकेट की सबसे सफल कप्तान लैनिंग अब तक ऑस्ट्रेलिया को पांच टी20 विश्व कप और एक वनडे विश्व कप जिता चुकी हैं। उप-कप्तान जेमिमा ने 2018 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की थी और हाल के वर्षों में वह भारतीय टी20 टीम की प्रमुख खिलाड़ी रही हैं। जेमिमा अपने करियर में 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलकर 1704 रन बना चुकी हैं, जिसमें 10 अर्द्धशतक शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल की शुरुआत चार मार्च को गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियन्स के बीच मुकाबले से होगी। कैपिटल्स अपने अभियान की शुरुआत पांच मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मुकाबले से करेंगे।

### महिला लीग शुरू करने की योजना बना रहा है प्रो कबड्डी लीग

**नई दिल्ली** । पुरुषों के टूर्नामेंट की सफलता से उत्साहित प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के आयोजक अब देश में महिलाओं का पेशेवर फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट शुरू करने की संभावना पर विचार कर रहे हैं। पीकेएल के नौ सत्र का आयोजन हो चुका है। इसके आयोजक मशाल स्पोर्ट्स ने कहा कि वे भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) के सहयोग से लीग को शुरू करने की योजना बना रहे हैं। क्रिकेट में महिलाओं की प्रीमियर लीग चार मार्च से मुंबई में शुरू होगी और पीकेएल इसी की राह पर चलने की योजना पर काम कर रहा है। मशाल स्पोर्ट्स के सीईओ और पीकेएल आयुक्त अनुपम गोस्वामी ने बयान में कहा, पेशेवर महिला कबड्डी लीग की हमारी योजना पुरुषों की लीग में मिली सफलता और कबड्डी को भारत के आधुनिक विश्व स्तरीय खेल के रूप में विकसित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर आधारित है। उन्होंने कहा,हम महिला लीग शुरू करने के लिए एकेएफआई और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी महासंघ सहित विभिन्न हितधारकों के साथ काम करेंगे। एक परीक्षण टूर्नामेंट महिला कबड्डी चैलेंज 2016 में पहले ही आयोजित किया जा चुका है जिसमें तीन टीम फायरबर्ड्स, आइसडीवास और स्टॉर्मक्वीन्स ने हिस्सा लिया था। इंचियोन 2014 में एशियाई खेलों में भारत के पिछले स्वर्ण पदक के दौरान टीम की अगुआई करने वाली पूर्व भारतीय कप्तान बी तेजस्विनी बाई ने कहा कि अगर महिला लीग आकार लेती है तो एक बड़ा सपना पूरा होगा।

# पोंटिंग को वार्नर के टेस्ट करियर के दुखद अंत का डर

**मेलबर्न** ■ ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग को डर है कि खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वार्नर पर एशेज श्रृंखला से बाहर होने का खतरा है और लंबे समय से बल्ले से नाकाम रहने के बाद उनके टेस्ट करियर का दुखद अंत हो सकता है। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर इंग्लैंड के दौरे पर जाने वाली एशेज टीम में जगह पाने के लिए संघर्ष करेंगे और उनका टेस्ट करियर शायद उनकी शर्तों पर खत्म नहीं होगा। वार्नर का भारत दौरे पर प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां उन्होंने कोहनी में फ्रेक्चर के कारण स्वदेश लौटने से पहले तीन पारियों में एक, 10 और 15 रन बनाए।



बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 2019 में पिछले इंग्लैंड दौरे पर सिर्फ 9.5 के औसत से रन बनाए थे। पोंटिंग ने 'आरएसएन क्रिकेट' से कहा मैंने उन्हें अपने चक्र के बारे में बात करते हुए सुना है। मौजूदा चक्र विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के बाद समाप्त हो जाएगा जो स्पष्ट रूप से पहले एशेज टेस्ट से एक सप्ताह पहले है और मुझे लगता है कि सब कुछ ठीक रहा तो वह कम से कम इस टेस्ट मैच के अंत तक डेविड को अपने साथ रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा,हालांकि यह उस पर निर्भर करेगा।

एक बल्लेबाज के रूप में आप सिर्फ रन ही बना सकते हैं और अगर आप रन नहीं बनाते तो मुश्किल स्थिति में फंस जाते हैं। पोंटिंग ने कहा,यह हम सभी के साथ हुआ है, यह मेरे साथ हुआ है। जब आप एक निश्चित उम्र तक पहुंच जाते हैं और ऐसा लगता है कि आपका फॉर्म थोड़ा सा गिर रहा है, तो आलोचक हावी हो जाते हैं और फिर ज्यादा समय नहीं लगता। पोंटिंग को लगता है कि वार्नर को पिछली गर्मियों में मेलबर्न में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट में दोहरा शतक बनाने के बाद टेस्ट क्रिकेट छोड़ देना चाहिए था जो उनका 100वां मैच भी था या फिर सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर अगले मैच के बाद उन्हें ऐसा करना चाहिए था। ऑस्ट्रेलिया के इस पूर्व कप्तान ने कहा,वह जिस तरह चाहता था उस तरह खत्म करने के लिए मेरे हिसाब से शायद सिडनी टेस्ट के बाद उसे ऐसा करना चाहिए था। उसने मेलबर्न में 200 रन बनाए, अपना 100वां टेस्ट खेला, अपना 101वां टेस्ट सिडनी में खेला जो उसके घरेलू मैदान पर था और शायद वहीं खत्म कर देता।

## नोवाक जोकोविच क्वार्टरफाइनल में

**दुबई** ■ विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने हॉलैंड के टेलन ग्रीक्सपुर को आसानी से हराकर दुबई टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश कर लिया। जोकोविच को अपने पहले मैच में जीत हासिल करने के लिए तीन सेटों तक जूझना पड़ा था लेकिन दूसरे मैच में वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर थे और उन्होंने ग्रीक्सपुर को बुधवार रात 6-2, 6-3 से हराकर एटीपी 500 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में जगह बना ली।

35 वर्षीय जोकोविच ने बेसलाइन से जबरदस्त हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए 29 विनर्स लगाए। सत्र में 12-3 का रिकॉर्ड रखने वाले ग्रीक्सपुर के पास जोकोविच के प्रहारों का कोई जवाब नहीं था। जोकोविच



ने इस जीत से दुबई में 13 बार उतरने में क्वार्टरफाइनल से पहले कभी नहीं हारने का अपना रिकॉर्ड बरकरार रखा।

सर्बियाई खिलाड़ी का क्वार्टरफाइनल में पोलैंड के ह्यूबर्ट हरकाज से मुकाबला होगा। एक अन्य मैच में दानिल मेदवेदेव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 6-4, 6-2 से हराकर अपनी लगातार 11वीं टूर लेवल जीत दर्ज की। मेदवेदेव ने यह मुकाबला मात्र 65 मिनट में जीता।

# लियोन के आठ विकेट से भारत 163 रन पर सिमटा

### पुजारा अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया।

**इंदौर** ■ चेतेश्वर पुजारा के अर्धशतक के बावजूद भारत नाथन लियोन (64 रन पर आठ विकेट) की फिरकी के जादू के सामने तीसरे क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को दूसरी पारी में 163 रन पर ढेर हो गया जिससे मेहमान टीम को 76 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया की टीम अब शुक्रवार को तीसरे दिन लक्ष्य हासिल करके जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह सुनिश्चित करने के इरादे से उतरेगी। स्पिन की अनुकूल पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को एक बार फिर जूझना पड़ा और पुजारा (142 गेंद में 59 रन, पांच चौके, एक छक्का) के अलावा कोई बल्लेबाज लियोन का डटकर सामना नहीं कर पाया। लियोन ने मैच में 99 रन देकर 11 विकेट चटकाए।



पुजारा के अलावा सिर्फ श्रेयस अय्यर (26) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। भारतीय बल्लेबाजों को खराब शॉट चयन का खामियाजा भी भुगतना पड़ा जबकि ऑस्ट्रेलिया ने शानदार क्षेत्ररक्षण किया। भारतीय टीम बुधवार को पहली पारी में सिर्फ 109 रन पर सिमट गई थी जिसके बाद गुरुवार को सुबह के सत्र में तेज गेंदबाज उमेश यादव और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 197 रन पर समेटकर मेजबान टीम की वापसी की उम्मीद जगाई। ऑस्ट्रेलिया ने 88 रन की बढ़त हासिल की।

दूसरी पारी में भी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही। खराब फॉर्म से जूझ रहे लोकेश राहुल की जगह टीम में शामिल शुभमन गिल (05) एक बार फिर नाकाम रहे और लियोन की गेंद को आगे बढ़कर खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लियोन ने इसके बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा (12) को पगबाधा किया जो गेंद ही लेंथ को पूरी तरह से चूक गए। विराट कोहली (13) बाएं हाथ के स्पिनर मैथ्यू कुहनेमैन की गेंद पर चौका जड़ने के बाद अगली गेंद को काफी पीछे जाकर खेलने की कोशिश में पगबाधा हो गए। रविंद्र जडेजा (07) भी चाय के विश्राम से ठीक पहले लियोन की गेंद पर पगबाधा हुए।

मैदानी अंपायर ने उन्हें आउट नहीं दिया था लेकिन ऑस्ट्रेलिया के डीआरएस का सहारा लेने पर उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। पुजारा हालांकि एक छोर पर डटे रहे। उन्होंने स्पिनरों के खिलाफ अपने डिफेंस पर भरोसा किया और आगे बढ़कर तथा बैकफुट पर भी कुछ अच्छे शॉट खेले। चाय के बाद अय्यर ने आक्रामक तेवर दिखाए। उन्होंने कुहनेमैन के लगातार ओवरों में छक्के मारे जबकि लियोन पर भी लगातार दो चौके जड़े। अय्यर हालांकि मिशेल स्टार्क की गेंद को फ्लिक करने की कोशिश में हवा में खेल गए और उस्मान ख्वाजा ने बाईं ओर गोता लगाते हुए उनका शानदार कैच लपका।

उन्होंने 27 गेंद में तीन चौकों और दो छक्कों से 26 रन बनाए। श्रीकर भरत (03) ने एक बार फिर निराश किया और लियोन की सीधी गेंद को चूककर बोल्ड हो गए जिससे भारत का स्कोर छह विकेट पर 118 रन हो गया। इस समय टीम को 30 रन की बढ़त हासिल थी। पुजारा ने इसके बाद अश्विन के साथ मिलकर पारी को आगे बढ़ाया। उन्होंने कुहनेमैन की गेंद पर एक रन के साथ 108 गेंद में अर्धशतक पूरा किया।

## ग्रैंडमास्टर डी गुकेश बने 'प्लेयर ऑफ द ईयर'

**अबुधाबी** ■ एशियाई शतरंज महासंघ (एसीएफ) ने भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को पिछले साल महाबलीपुरम में 44वें शतरंज ओलंपियाड में रिकॉर्ड स्कोर (9/11) से स्वर्ण पदक जीतने के लिये 'प्लेयर ऑफ द ईयर' पुरस्कार से सम्मानित किया। पिछले साल मार्च में गुकेश 2700 ईएलओ रेटिंग का आंकड़ा पार करने वाले छठे



भारतीय बने थे और वह 2700 से ऊपर की रेटिंग वाले देश के सबसे युवा ग्रैंडमास्टर भी हैं। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने यहां एसीएफ के सालाना सम्मेलन में 'मोस्ट एक्टिव फेडरेशन' (सबसे सक्रिय महासंघ) का पुरस्कार हासिल किया।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को चार महीने के कम समय के नोटिस के अंदर पिछले साल अगस्त में फिडे शतरंज ओलंपियाड की सफल मेजबानी के उनके प्रयास के लिये 'मैन ऑफ द ईयर' पुरस्कार से नवाजा गया।

भारतीय महिला टीम में कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव और भक्ति कुलकर्णी को कांस्य पदक जीतने के लिये 'बेस्ट वुमेन्स टीम ऑफ द ईयर' से नवाजा गया जबकि ग्रैंडमास्टर आर बी रमेश पुरूषों के 'कोच ऑफ द ईयर' पुरस्कार और ग्रैंडमास्टर अभिजीत कुंते महिलाओं के 'कोच ऑफ द ईयर' पुरस्कार के लिये चुने गये।

**इंडियन ओपन**

## शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने स्वर्ण जीता

**विजयनगर** ■



स्टार शॉट पुटर तजिंदरपाल सिंह तूर ने यहां बुधवार को इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट (आईआईएस) में 19.95 मीटर की थ्रो के साथ मीट रिकॉर्ड तोड़कर दूसरी इंडियन ओपन थ्रो और जंप प्रतियोगिता के पहले दिन स्वर्ण पदक जीता। अपने शानदार प्रदर्शन के साथ तूर ने 19 मीटर के निशान को पार करके एशियाई खेलों में एक स्थान के लिए भी क्वालीफाई किया, जो पुरुषों के शॉट पुट में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एएफआई) द्वारा निर्धारित एशियाई खेलों के लिए क्वालीफाइंग मानक है।

सर्किट पर नए स्टार करणवीर सिंह ने 19.54 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जिन्होंने एशियाई खेलों के लिए कट बनाने के लिए एएफआई द्वारा निर्धारित योग्यता मानक को भी तोड़ दिया। साहिब सिंह ने 18.77 मीटर भाला फेंककर कांस्य पदक हासिल किया। अपने प्रदर्शन के बाद तजिंदर ने कहा, यह सीजन की पहली आउटडोर प्रतियोगिता है, मैं अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नहीं हूं।

मैं 20 मीटर के निशान को पार करना चाहता था, लेकिन थोड़ा कम हो गया। इस साल मेरा लक्ष्य राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड तोड़ना है। दूसरी ओर, महिलाओं के शॉट पुट में मनप्रीत कौर ने 16.73 मीटर फेंककर स्वर्ण पदक जीता और एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मार्क 16.30 मीटर को भी तोड़ दिया। आभा खटुआ ने 15.06 मीटर की थ्रो के साथ रजत पदक जीता और कांस्य पदक राजस्थान की कचनार चौधरी ने 14.34 मीटर की थ्रो के साथ जीता।

बाद में पुरुषों के भालाफेंक में ओडिशा के किशोर जेना ने 78.93 मीटर थ्रो के साथ रोहित यादव द्वारा बनाए गए मीट रिकॉर्ड को तोड़ा। रजत पदक पंजाब के सर्बजीत सिंह ने 75.63 मीटर के थ्रो के साथ जीता और अभिषेक ड्राल ने 73.51 मीटर के अपने अंतिम थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता।

## आर्सेनल ने बढ़त मजबूत की

**मैनचेस्टर,एपी।** आर्सेनल ने प्रीमियर लीग खिताब की दौड़ में बुधवार को अपनी स्थिति मजबूत की तो वहीं मैनचेस्टर यूनाईटेड ने एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाते हुए सत्र की दूसरी ट्रॉफी की ओर कदम बढ़ाए।

सबसे बड़ा जश्न मनाने का मौका हालांकि ग्रिम्सबी टाउन के प्रशंसकों को मिला जब चौथे डिविजन के इस क्लब ने प्रीमियर लीग क्लब साउथम्पटन को 2-1 से हराकर उलटफेर करते हुए एफए कप के अंतिम आठ में जगह बनाई।

## मुंबई इंडियंस का नेतृत्व करना एक भावनात्मक क्षण: हरमनप्रीत

**मुंबई** ■ भारत को 50 टी20आई जीत दिलाने वाली पहली कप्तान हरमनप्रीत कौर ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस टीम की कप्तान बनने पर खुशी जाहिर की और इसे एक 'भावनात्मक क्षण' बताया। 'एमआईटीवी' से बात करते हुए हरमनप्रीत ने कहा, मैंने टीवी पर मुंबई इंडियंस की टीम को काफी सफलता हासिल करते हुए देखा है और अब मैं इस टीम का हिस्सा बनूंगी। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में हरमनप्रीत खिलाड़ी और कप्तान दोनों के तौर पर काफी सफल



रही हैं।

इस फॉर्मेट में शतक लगाने वाली वह इकलौती भारतीय बल्लेबाज हैं और साथ ही अपनी कप्तानी में अपने तीनों विश्व कप में भारत को सेमीफाइनल या उसके आगे तक ले जाने में कामयाब रही हैं।

## समाचार-आसपास

### शिमला यंग्स की दमदार जीत



**नई दिल्ली,संवादसूत्र।** मैन आफ द मैच गोरव सिंह बिष्ट के दो शानदार गोलों की मदद से शिमला यंग्स ने पंजाब हीरोज को 4- 0 से हरा कर फुटबाल दिल्ली ए डिवीजन लीग में पूरे अंक अर्जित किए। दिन के दूसरे मुकाबले में यंग स्पोर्ट्स ने बंगदर्शन को 1- 1 से ड्रॉ खेल कर अंक बांट लिए।बीते कल की नामी टीम शिमला यंग्स ने लंबे समय बाद शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत के साथ खाता खोला।

गोरव के शुरुआती दो गोलों से उत्साहित टीम के लिए प्रवीण कुमार और अभिषेक पाल ने गोल जमा कर जीत का अंतर बड़ा किया। बंगा दर्शन और यंग स्पोर्ट्स के बीच खेले गए मैच में रफ्तार और तेज आक्रमण तो देखने को मिले लेकिन सूझ बूझ की कमी के चलते दो गोल ही निकल पाए। हार्दिक पंत के पेनल्टी गोल से बंग दर्शन ने बढ़त बनाई, जोकि लंबी सीटी से कुछ पहले तक बरकार रही। अंततः मैन आफ द मैच पिंटू मुंडा के गोल से यंग स्पोर्ट्स ने बराबरी पाई।

### मुनार ने शीर्ष वरीय मुसेटी को हराकर बाहर किया

**सैंटियागो,एपी।** स्पेन के जेउमे मुनार ने यहां चिली ओपन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष वरीय लोरेंजो मुसेटी को सीधे सेट में हराकर उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इटली के दुनिया के 18वें नंबर के खिलाड़ी मुसेटी के खिलाफ मुनार ने 6-4 6-4 से जीत दर्ज की। दुनिया के 66वें नंबर के खिलाड़ी मुनार अगले दौर में ब्राजील के थिएगो मोंटेइरो से भिड़ेंगे जिन्होंने इटली के मार्को चेचिनातो को बुधवार को 3-6 6-3 6-2 से हराया।

### एकापुल्को में क्वालीफायर डेनियल से हारे रूड

**एकापुल्को,एपी।** दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी कैस्पर रूड को बुधवार को यहां मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में क्वालीफायर टेरो डेनियल के खिलाफ तीन सेट में हार का सामना करना पड़ा। डेनियल ने रूड के खिलाफ 7-5 2-6 7-6(5) से जीत दर्ज की जो विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी के खिलाफ उनकी पहली जीत है। डेनियल क्वार्टर फाइनल में एलेक्स डि मिनोर से भिड़ेंगे जिन्होंने जेकोपो बेरेंटिनी के खिलाफ 6-1 6-0 से आसान जीत दर्ज की।

### श्रीलंका टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम की घोषणा

**ऑकलैंड,आईएएनएस।** न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ 9 मार्च से शुरू होने वाली दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए 13 सदस्यीय टीम की गुरुवार को घोषणा की। इंग्लैंड के साथ हाल ही में 1-1 से ड्रा सीरीज में भाग लेने वाले सभी 13 खिलाड़ियों का नाम लिया गया है, जिसमें उस टीम से अनकेप्ड सीमर जेकब डफी, लेग स्पिनर ईश सोढ़ी और चोटिल काइल जेमीसन शामिल हैं।

अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउदी टीम का नेतृत्व करेंगे, जबकि केन विलियमसन द्वारा टॉम लाथम, हेनरी निकोल्स, डेवोन कॉनवे, डेरिल मिशेल और विल यंग के समर्थन के साथ बल्लेबाजी जारी रहेगी। इस बीच, स्पिन विभाग में माइकल ब्रेसवेल के साथ टॉम ब्लंडेल विकेटकीपर की भूमिका निभाएंगे।

# दिशा पटानी ने टाइगर को कहा 'हैंडसम'



बॉलीवुड के एक्शन हीरो टाइगर श्रॉफ गुरुवार को 33 साल के हो गए और उनकी पूर्व कथित प्रेमिका और अभिनेत्री दिशा पटानी ने उनके लिए एक प्यारा सा जन्मदिन संदेश साझा किया है। टाइगर के बर्थडे पर दिशा ने टाइगर कॉस्ट्यूम पहने उनकी एक तस्वीर शेयर कर उन्हें विश किया था। उन्होंने लिखा, जन्मदिन मुबारक हो टिगी। आप हमेशा सबसे खूबसूरत और प्रेरणादायक रहें। टाइगर फिलहाल अली अब्बास जफर द्वारा निर्देशित अक्षय कुमार के साथ 'बड़े मियां छोटे मियां' की शूटिंग कर रहे हैं।

'कॉफी विद करण 7' में टाइगर से दिशा के साथ उनके रिलेशनशिप स्टेटस के बारे में सवाल किया गया था। उन्होंने करण से कहा कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं और वे अक्सर लंच के लिए साथ जाते हैं क्योंकि उन्हें एक जैसा खाना पसंद है, जहां दोनों ने कभी भी रिलेशनशिप या ब्रेकअप की बात नहीं मानी। 'बड़े मियां छोटे मियां', जो एक एक्शन फ्रेंचाइजी की शुरूआत होगी, अमिताभ बच्चन और गोविंदा की 1998 की हिट फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' की अगली कड़ी है, जिसे डेविड धवन ने निर्देशित किया था। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जेकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और जफर ने किया है।

# रजनीकांत के अगले प्रोजेक्ट की घोषणा



सुपरस्टार रजनीकांत की अगली फिल्म की घोषणा कर दी गई है और इसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल करेंगे। 2024 में रिलीज होने वाली फिल्म 'थलाइवर 170' में अभिनेता कथित तौर पर एक मुस्लिम पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रहे हैं। लाइका प्रोडक्शंस ने गुरुवार को ट्विटर पर घोषणा की है कि वे उस फिल्म का निर्माण करेंगे, जिसका निर्देशन टीजे ज्ञानवेल करेंगे, जिन्होंने अपनी राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता तमिल फिल्म 'जय भीम' से सुर्खियां बटोरी थीं। हम थलाइवर 170 के लिए सुपरस्टार एट द रेट रजनीकांत के साथ अपने अगले जुड़ाव की घोषणा करते हुए सम्मानित महसूस कर रहे हैं।



# कार्तिक की 'भूल भुलैया 3' 2024 में रिलीज होगी

बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 वर्ष 2024 में दीवाली के मौके पर रिलीज होगी। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म भूल भुलैया 2 में कार्तिक आर्यन,तब्बू, राजपाल यादव, संजय मिश्रा और कियारा आडवाणी ने अहम भूमिका निभायी थी। कार्तिक आर्यन ने अपनी भूल भुलैया सीरीज़ की नेक्सट सीक्वल का ऐलान कर दिया है। भूल भुलैया 3 अगले साल ( 2024) में दीवाली पर रिलीज़ होगी ।कार्तिक आर्यन ने सोशल मीडिया पर इसका ऐलान किया है। कार्तिक ने भूल भुलैया 2 से अपने पॉप्युलर डायलॉग वाला एक शॉर्ट क्लिप भी अटेच किया है। कार्तिक आर्यन ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें भवानीगढ़ की वीरान हवेली को दिखाया गया है, जिसमें भूल भुलैया 2 की कहानी आगे बढ़ती है। वीडियो में कार्तिक यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, "क्या लगा कहानी खत्म हो गई है? दरवाजजे तो बंद होते ही है ताकि एक दिन फिर से खुल सके।वीडियो में कार्तिक ने रूह बाबा के रूप में कपड़े पहने हैं और वह अमी जे तोमर गाते हैं। वह पिछली कहानी से अपने डायलॉग को रिपीट करते हुए कहते हैं, मैं आत्मा से सिर्फ बात ही नहीं करता, आत्मा में मेरी अंदर आ भी जाती है। डरावना वीडियो शेयर करते हुए, कार्तिक ने लिखा, रूह बाबा रिटर्न्स दिवाली 2024।

# 'ज्विगाटो' फिल्म का ट्रेलर हुआ रिलीज



बॉलीवुड के जाने-माने हास्य कलाकार कपिल शर्मा की फिल्म 'ज्विगाटो' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर बुधवार को जारी हो गया है। फिल्म निर्माता-निर्देशक नंदिता दास द्वारा निर्मित 'ज्विगाटो' फिल्म दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इस फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। 'ज्विगाटो' फिल्म में आम लोगों के रोजमर्रा के संघर्षों को दर्शाया गया है। यह सहनशक्ति, उम्मीद और कभी न टूटने वाली मानवीय भावना की कहानी है लेकिन इसमें तमाम कठिनाइयों के बीच आनंद, हास्य और प्रेम का पुट भी समाहित किया गया है।

# आयशा झुल्का के लिए पहला गीत कोरियोग्राफ किया: फराह खान

फिल्म निर्माता-कोरियोग्राफर फराह खान ने साझा किया है कि उन्होंने आयशा झुल्का के लिए अपना पहला गाना कोरियोग्राफ किया और यह हमेशा खास रहेगा। फराह ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर आयशा के साथ एक सेल्फी पोस्ट की और अभिनेत्री को विशेष कहा। तस्वीर में फराह ने ब्लैक एंड व्हाइट आउटफिट पहना है जबकि आयशा ने ब्लैक के साथ व्हाइट आउटफिट चुना है। फराह ने पोस्ट करते हुए कैप्शन में लिखा, मैंने अपना पहला गाना आयशा झुलका के लिए कोरियोग्राफ किया है। वह हमेशा खास रहेंगी। एक अन्य तस्वीर में, आयशा ने फराह के चारों ओर अपना हाथ रखा और वे कैमरे के लिए मुस्कुरा रही थीं। तस्वीर में आयशा ने नीले रंग की साड़ी पहनी है, जबकि फराह ने लाल और नीले रंग की पोशाक पहनी है। फराह ने लिखा, मिलकर बहुत अच्छा लगा और पाया कि कुछ रिश्ते कभी नहीं बदलते एट द रेट आयशा डॉट झुलका। आयशा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर लाल दिल वाले स्टिकर वाली महिला के साथ पोस्ट को फिर से साझा किया। उन्होंने यह भी लिखा, लव यू एट द रेट फराह खान अंडर। फराह ने अपने करियर की शुरूआत 'जो जीता वही सिकंदर' के लिए कोरियोग्राफी से की थी। मंसूर खान द्वारा निर्देशित, 'जो जीता वही सिकंदर' 1992 में रिलीज हुई थी, जिसमें आमिर खान, आयशा झुल्का, दीपक तिजोरी, पूजा बेदी, मामिक सिंह और कुलभूषण खरबंदा थे। आयशा ने 'कुर्बान' (1991) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वह आखिरी बार तनुजा चंद्रा द्वारा निर्देशित वेब सीरीज 'हश हश' में नजर आई थीं।



# जैकी भगनानी ने 'बड़े मियां छोटे मियां' की तस्वीर साझा की

अभिनेता-निर्माता जैकी भगनानी, जो अपनी आगामी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' में व्यस्त हैं, ने हाल ही में स्कॉटलैंड में फिल्म की शूटिंग से एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की। तस्वीर में युद्ध मशीनों के साथ एक वाइड एंगल लेंस और स्क्रीन को फिट करने वाले विस्फोट के साथ केप्चर किए गए परिश्य के विशाल विस्तार को देख सकते हैं। जैकी ने तस्वीर को कैप्शन दिया, गन्स टैंक एक्सप्लोजन कबूम, आप लोगों से सिनेमा में मिलते हैं। हैसटेग बीएमसीएम हैसटेग स्कॉटलैंड।



'बड़े मियां छोटे मियां' बॉलीवुड के दो सबसे बड़े एक्शन हीरो, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को एक साथ लाएगा, जिसमें पृथ्वीराज सुकुमारन शक्तिशाली विरोधी की भूमिका निभाएंगे।

आज फिल्म के सहयोग से वाशु भगनानी और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत, 'बड़े मियां छोटे मियां' को 'सुल्तान' और 'टाइगर जिंदा है' फेम अली अब्बास जफर ने लिखा और निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर ने किया है। इसके अलावा, जैकी की 'गणपथ- पार्ट 1' भी रिलीज के लिए पाइपलाइन में है।

विचार पेज का शेष

# जी-20 की बैठक और साझा प्रस्ताव

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि उन्होंने रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोफ़ से लंबी चर्चा की है जिसमें भारत-रूस के बीच द्विपक्षीय रिश्तों के साथ-साथ जी-20 से जुड़े मुद्दे शामिल थे। ऐसा माना जा रहा है कि जयशंकर चीन के नए विदेश मंत्री क्विन गांग के साथ गुरुवार को चर्चा कर सकते हैं। गांग का चीनी विदेश मंत्री के रूप में पहला भारत दौरा है।वह एक ऐसे दौर में भारत आ रहे हैं जब एलएसी पर चीन और भारत के बीच अप्रैल 2020 से तनाव जारी है।

चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माओ निंग ने बीजिंग में कहा है कि 'चीन भारत के साथ अपने रिश्तों को अहमियत देता है।?हालांकि, उन्होंने इस बात की पुष्टि या खंडन नहीं किया कि जयशंकर और गांग की दिल्ली में मुलाकात होगी या नहीं।

उन्होंने कहा है, भारत और चीन के बीच अच्छे रिश्ते दोनों देशों और इसके नागरिकों के मूल हितों को पूरा करती है। जयशंकर ने ब्रिटेन, अर्जेंटीना, नाइजीरिया, मैक्सिको, नीदरलैंड्स, यूरोपीय संघ उच्च प्रतिनिधि जोसेप बोरेल और कोमोरोस के विदेश मंत्री, जो कि अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष भी हैं, से मुलाक़ात की। जयशंकर ने मंगलवार शाम तुर्की और ब्राज़ील के विदेश मंत्रियों से मुलाक़ात की।भारत से पहले और तुरंत बाद जी-20 सम्मेलन आयोजित करने वाले देशों इंडोनेशिया और ब्राज़ील जी-20 देशों के बीच खाई पाटने की दिशा में भारत के अहम सहयोगी हो सकते हैं।जयशंकर ने बताया है कि उन्होंने इस बारे में ब्राज़ीली विदेश मंत्री माउरो विएरा के साथ बात की है। भारतीय जी-20 वार्ताकारों ने बुधवार सुबह इंडोनेशिया और ब्राज़ील से आए डेलिगेशन से भी मुलाक़ात की।सूत्रों के मुताबिक़, इन मुलाक़ातों का उद्देश्य साझा बयान जारी करने की कोशिशों को नया बल देना था।

(साभार-बीबीसी.कॉम/हिंदी)

# यकीन नहीं होता कि शादी को सात साल हो गए: प्रीति जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा की जीन गुडइनफ से शादी को सात साल हो गए हैं और उन्हें इस पर 'विश्वास नहीं हो रहा' है। प्रीति ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप साझा की। वीडियो में वह स्विमिंग पूल में साथ समय बिताते हुए जीन गुडइनफ की आंखों पर हाथ रखे हुए हैं।

उन्होंने क्लिप में कई सेल्फी भी खिंचवाईं। प्रीति और जीन ने कैमरे की तरफ देखते हुए एक-दूसरे को किस किया। उन्होंने लिखा, हैप्पी एनिवर्सरी माय लव। यकीन नहीं होता कि हमारी शादी को 7 साल हो गए हैं। यहां ढेर सारी खुशियां और बेहतरीन यादों से भरी कई और सालगिरह हैं। प्रीति और जीन ने 2016 में लॉस एंजिल्स में एक अंतरंग समारोह में शादी की थी। वह 2021 में मां बनीं।



# 'माशूक' मेरे लिए रही शानदार 'पैटर्न ब्रेक': विवेक

बॉलीवुड एक्टर विवेक आनंद ओबेरॉय ने 'माशूक' ट्रेक के वीडियो में श्वेता इंद्र कुमार के साथ काम किया है। इस गाने को मोहित चोहान ने गाया है, वहीं अध्ययन सुमन ने डायरेक्ट किया है। एक्टर ने कहा कि इतने लंबे समय के बाद रोमांस शैली में वापसी करना उनके लिए पैटर्न ब्रेक था। विवेक ने कहा, मैं हर तरीके की भूमिका को निभाने के लिए तैयार रहता हूं। रोमांस एक ऐसा जॉनर है जिसे मैंने लंबे समय से नहीं आजमाया है और जब मेरे पास ऑफर आया, तो मुझे बस इतना पता था कि मुझे यह करना है। म्यूजिक वीडियो कुछ ही मिनटों में एक मजबूत कहानी पेश करता है। यह क्रिस्प, पंची है। हाल ही में, मैंने बहुत सी सीरियस फिल्में की हैं और सीरियस किरदार निभाए हैं। यह मेरे लिए एक बेहतरीन पैटर्न ब्रेक था। उन्होंने आगे कहा, अध्ययन के साथ काम करना आसान था, अपने विजन में स्पष्ट होने के कारण उन्होंने सॉन्ग को एक फिल्म के रूप में शूट किया। उन्होंने मेरा काम आसान कर दिया। गाने का म्यूजिक अनीस अली साबरी ने तैयार किया है और इसके बोल शब्बीर अहमद ने लिखे हैं। अध्ययन सुमन ने कहा, मैं हमेशा केमरे के सामने रहने से ज्यादा कुछ करना चाहता हूं। जब मैंने पहली बार गाना सुना, तो मुझे पता था कि मैं किस तरह की कहानी सेट करना चाहता हूं, जिस तरह का विजुअल पैलेट मैं चाहता था, विवेक ने उसमें मेरा पूरा साथ दिया।



## सिंधिया भाजपा नेता उदय अग्रवाल के घर पहुंचे, बिटिया के विवाह पर बधाई दी

**ग्वालियर।** भाजपा के पूर्व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ नेता उदय अग्रवाल की पुत्री शिवांगी के विवाह की बधाई व आर्शीवाद देने आज केन्द्रीय नागरिक उडडयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया उनके कांती नगर स्थित निवास पर पहुंचे। उनके साथ भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी, बीज निगम अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरेन्द्र शर्मा, श्याम सिंह सेंगर, विनोद पाल, विजय गुप्ता आदि भी थे। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की अगवानी उदय अग्रवाल सहित उनकी पत्नी शशि अग्रवाल, विनय अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल, राजुल अग्रवाल, शिल्पी अग्रवाल, एडवोकेट प्रखर गोयल, नेहा गोयल, ऐश्वर्या अग्रवाल आदि ने चंदन तिलक लगाकर की। सिंधिया काफी देर निवास पर रहे और सभी से मुलाकात की। उन्होंने नवयुगल जोड़ी शिवांगी व रजत अग्रवाल को आर्शीवाद दिया। सिंधिया ने बाद में रश्मि अग्रवाल व विनय अग्रवाल के पुत्र आयुष अग्रवाल के श्रिया के साथ विवाह संपन्न होने के लिये भी शुभकामनाएं दी।

# विकास खो गया, ग्रामीणजनों के साथ धोखा हो गया: सहाब सिंह गुर्जर

**ग्वालियर ।** ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल जौहरे एवं हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के आयोजक मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सहाब सिंह गुर्जर के नेतृत्व में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान 14 ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के छावनी क्षेत्र के वार्ड क्र. 1 में लाल टिपारा से शुरू हुआ। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के आयोजक मप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव सहाब सिंह गुर्जर ने छावनी क्षेत्र के वार्ड क्र. 1 में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के अंर्तगत लाल टिपरा, महेशपुरा, काशीपुरा में घर-घर दस्तक देते हुए कहा कि विकास खो गया, ग्रामीणजनो के साथ धोखा हो गया, आज 14 ग्वालियर ग्रामीण क्षेत्र के छावनी क्षेत्र सहित हर गांव में सपने में भी विकास दिखाई नही देता है, विकास का सपना दिखाने वाली भाजपा ने टूटी सड़कें ग्रामीण क्षेत्र में अंधकार और किसानो को बर्बाद कर दिया है, कांग्रेस का हाथ से हाथ जोड़ो अभियान ग्रामीणजनों के हितों के लिए है। ग्रामीण जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रभूदयाल



जौहरे ने छावनी क्षेत्र के वार्ड क्र. 1 में घर घर पर नागरिकों से संम्पर्क करते हुए कहा कि छावनी क्षेत्र में 7 वार्ड है फिर भी प्रगती के नाम पर विश्वासघात किया गया है, छावनी वोर्ड भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के अधीन आता है फिर भी छावनी बोर्ड के विकास में बाधा है, आज इस क्षेत्र में हर जगह नागरिकों को स्वच्छ पानी नही मिल रहा है, गंदगी के ढेर लगे हुए है, रात में अंधकार है, निक्कमी और नाकारा भाजपा सरकार है। हाथ से हाथ जोड़ो अभियान में महिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती गुजां जाटव, अनुसूचित जाति अध्यक्ष लाखन सिंह राजे, ब्लॉक अध्यक्ष अनेक सिंह राजपूत, पार्षद अजमेर सिंह, भगवान सिंह गुर्जर, कुलदीप टेगोर, मंडलम अध्यक्ष अब्दुल इंतजार, सतीश कुमार, विक्की कुमार, ठाकुर दास, योगेश पवैया, राजा वाल्मिक, प्रताप सिंह, देवेन्द्र पाल, समीर खान, महेश कुमार सोनी, सुनील यादव प्रीतम सिंह, उदय सिंह, जंडेल सिंह, धारा सिंह मौर्य, शेर सिंह, विनोद जाटव, राजकुमार वाल्मिक, विमल शाह, साहिल शाह, प्रदीप कुमार, नरेश सिंह गुर्जर, वृदावन सिंह, नरेश गुर्जर, उदयभान, मंगाराम, मुकेश पहलवान, दिनेश पाल, धर्मेन्द्र सेंगर, नरेश सिंह, देवेन्द्र सिंह राठौर, सतेन्द्र सेंगर, भगवान सिंह गुर्जर, प्रदीप गुर्जर, रिंकू यादव, मंगल सिंह कुशवाह सहित अनेक कांग्रेस सम्मलित थे।

## जन सेवा मित्र पर्यावरण संरक्षण के लिए अंकुर अभियान में बनें भागीदारः कलेक्टर

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री युवा इंटर्नशिप और प्रोफेशनल डवलपमेंट प्रोग्राम के क्रियान्वयन हेतु जिले के प्रत्येक विकासखंड में नियुक्त किए गए जनसेवा मित्रों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह ने जन सेवा मित्रों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में पर्यावरण संरक्षण के लिये अंकुर अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अधिक से अधिक वृक्षारोपण के कार्य को हाथ में लिया गया है। सभी जनसेवा मित्र अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक वृक्षारोपण को प्रोत्साहित करें। स्वयं भी करें और लोगों को भी वृक्षारोपण के लिये प्रोत्साहित करें। कलेक्टर सिंह ने जनसेवा मित्रों से यह भी कहा कि न केवल पौधरोपण करना है बल्कि उसकी देखभाल के लिये भी लोगों का प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ला?ली बहिना योजना भी प्रारंभ की जा रही है। इस योजना के तहत एक हजार रूपए प्रतिमाह की सहायता राशि दी जायेगी। जन सेवा मित्र अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पात्र बहिनों को दिलाएँ। प्रशिक्षण में मुख्यमंत्री फेलो सुश्री सदफ जरीन ने मुख्यमंत्री जन सेवा मित्रों के दायित्वों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जन सेवा मित्रों ने भी अपने-अपने क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के संबंध में प्रशिक्षण में अपने विचार रखे।



## ब्रह्माकुमारी गोल्डन वर्ल्ड रिट्रीट सेंटर में, प्रशासक सम्मेलन संपन्न




आज के सम्मेलन में, ब्रह्माकुमारी ज़ोनल डायरेक्टर राजयोगिनी अवधेश बहन जी का सम्मान समारोह व प्रशासक सम्मेलन व वरदानी दिवस ऐसे तीन अलग-अलग कार्यक्रम को सम्मिलित रूप से आयोजित किया गया। प्रशासक सम्मेलन में ब्रह्माकुमारी के प्रशासक विंग (आर.ई.आर.एफ.) के राष्ट्रीय सयोंजक आदरणीय अवधेश बहन जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि रावण प्रखाण्ड़ ज्ञानी था, विद्वान था, उसके पास सारे अश्त्र - शस्त्र सब कुछ थे लेकिन बहुत अभिमानी भी था । अभियान की बजह से ही उसने सब कुछ खो दिया था। आज वर्तमान समय में एक कुशल प्रशासक वही बन सकता है जिसने अपने जीवन में निरहंकारिता को अपनाया हो, जिसके पास परोपकारी प्रवृत्ति हो, स्नेह-प्यार हो, दया करूणा हो वही एक अच्छा प्रशासक बन सकता है। हमारे घर को सुचारू रूप से चलाने वाली गृहणियों को देखकर तो अच्छे-अच्छे प्रशासक भी दंग रह जाते हैं। घर की गृहणियां धर्म-कर्म के कार्य में भी बड़े ही जोरशोर से हिस्सा लेती हैं। यही धर्म-कर्म का कार्य अर्थात पूजा-पाठ इत्यादि ही उन्हें निरअहंकारी, दया-करूणा से भरपूर कर देता। अत- हमें अपने जीवन में आत्मविश्वास परमात्मविश्वास को लाना अति आवश्यक है तब ही हम एक कुशल स्वप्रशासक व अन्य पर प्रशासन करने वाले प्रशासक बन सकते हैं। अपने जीवन में दया-करूणा व अन्य सभी दिव्य शक्तियों व गुणों को भरने के लिए ब्रह्माकुमारी? में सिखाए जाने वाले राजयोग मेडिटेशन को अपनाना एक कारगर उपाय है, जिसके द्वारा हम एक कुशल प्रशासक बन सकते है। एम.जी.इण्ड़स्ट्री से आए जी.एम. अनिल जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम बैंक बेलेंस रखते है ऐसे ही हमने अपने जीवन में कितने दया-करूणा का बैलेंस बनाया इसको कभी चेक किया है और वह बैंक है कहां पर यह कभी सोचा है।यदि आप लोगों को उस बैंक का पता नहीं मालूम है तो आज यह जान लें कि हम अभी उस बैंक में ही बैठे हुए हैं अर्थात ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व-विद्यालय। इस कार्यक्रम में ड़ा. राजीव सिंह (आयूष विभाग), प्रिंसिपल वाणी भारती स्कूल, (मालनपुर), यदुवंश जी (रिटायर्ड कमाण्डेण्ट बी.एस.एफ), डॉ.प्रवीण शर्मा, डॉ.अमन, डॉ.नूर, मिश्रा हास्पिटल से उपस्थित हुए। साथ ही ब्रह्माकुमारी से वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी सुधा बहन ब्रह्माकुमारी आदर्श बहन, बीके ज्योति बहन, बीके रेखा बहन, बीके शशि बहन, बीके सीता बहन सहित अनेकानेकानेक भाई एवं बहनें उपस्थित थे। ब्रह्माकुमारीज परिसर में, निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मिश्रा हॉस्पिटल, ग्वालियर से पधारे हुए डॉक्टरों ने लगभग 1 सैकड़ा से अधिक लोगों की निशुल्क जांच की। कार्यक्रम का कुशल संचालन एवं आभार बी.के. ज्योति बहन ने किया।

# विश्व श्रवण दिवस के मौके पर बहरेपन को रोकने 7 दिन तक होंगे विविध आयोजन

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद

प्रत्येक वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस मनाया जाता है। इस दिन विश्व स्वास्थ्य संगठन लोगों को बहरेपन की बढ़ रही समस्याओं के प्रति जागरूक करता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोहद भी राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह का आयोजन कर रहा है जिसके विशेष शिविर में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आलोक शर्मा नाक,कान, गला रोग विशेषज्ञ उपस्थित रहे । राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह के मद्देनजर अस्पताल के स्टाफ को कान व बधिरता से संबंधित बीमारियों और इसके इलाज के बारे में विशेष ट्रेनिंग दी गई है। डॉक्टर आलोक शर्मा ने बताया कि श्रवण दिवस को मनाने का मुख्य मकसद लोगों को बहरेपन की समस्या के कारण और निवारण के प्रति जागरूक करना है। इस दरम्यान लोगों को यह भी बताया जाता है कि लोग कैसे अपने कान की सुरक्षा और सेहत पर ध्यान देना चाहिए। हम साल भर लोगों का इलाज तो करते ही हैं पर राष्ट्रीय बधिरता सप्ताह के दौरान हम कान के मरीजों पर ज्यादा फोकस करते हैं।




### अस्पताल मुख्य ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉक्टर वासुदेव शिकरिया कहते हैं तेजी से बढ़ते बहरेपन की समस्या से लोगों को जागरूक करने की बहुत आवश्यकता है

डॉक्टर वीरेंद्र सिंह कहते है कान की देखभाल के लिए लोगों में जागरूकता की कमी है और वह इसे सामान्य तरीके से लेते हैं। 30 साल की उम्र के बाद लोगों को लोगों को अपनी कान की नियमित जांच करानी चाहिए ताकि कान से संबंधित किसी भी समस्या को पहले से जानकर उससे बचा जा सके या फिर उसका इलाज शुरू किया जा सके। इसी तरह शिशुवती महिलाएं अपने बच्चों को सुलाकर कर दूध पिलाती हैं जिससे कारण बच्चों का कान बहने लगता है। बच्चों को हमेशा गोद में लेकर 45 डिग्री में बैठाकर ही दूध पिलाना चाहिए। इसी तरह बाईक चलाते समय हेलमेट पहनने से कान के पर्दे सुरक्षित रहते हैं क्योंकि 50 किलोमीटर की रफ्तार से आ रही हवा सीधे कान को नुकसान पहुंचाती है। किसी भी हालत में कान में लोग कोई नुकीली चीज, पेन, ईयर बड, गरम तेल और हाइड्रोजन परऑक्साइड न डालें। जानकारी के अभाव में लोग ऐसा करते हैं पर वास्तव में ये कान के पर्दे के नुकसान पहुंचाते हैं। सुनने की क्षमता 90 से 120 डेसिबल तक होती है इससे तेज की आवाजों से बचें। अस्पताल में पदस्थ रेडियोग्राफर रवि जोशी श्रवण वाधिता में विशेष शिक्षक की डिग्री भी हासिल किए हुए है उन्होनें बताया जितनी जल्दी हो सके बच्चे की दिव्यांगता के बारे में पता लगा लिया जाएं। जिससे उसको समय रहते उपचार और स्पीच थेरेपी देखकर उसे स्पेशल एजुकेशन के द्वारा उसके जीवन में दिव्यांगता के कारण होने वाले दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। श्रवण बालक बच्चे का दो से तीन माह की उम्र में उसके बहरेपन का आकलन किया जा सकता है।अचानक वर्तन गिरने ,या शोर होने पर नवजात शिशु पलक झपकाता है 06 माह के बच्चे को पीठ के पीछे से आवाज देने पर वह शारीरिक हलचल करता है ऐसे कई टिप्स है जिससे हम घर पर ही बच्चे की श्रवण बाधिता का आकलन कर सकते है। आरबीएसके डॉक्टर्स की टीम ने कहा कान में दर्द, खुजली या फिर मवाद, आवाज सुनाई देने पर समझ न आए, चक्कर या फिर कान भरा लगा लगे, कान में सनसनाहट जैसी आवाज आए या फिर आपका बच्चा उम्र के हिसा से कम बोलता है तो आप स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए शिविर या फिर अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क कर सकते हैं। जानकारी ही आपको गंभीर बीमारियों से बचाती है। अपने कान की हिफाजत करें।

**श्रवण समस्या के प्रमुख कारण**--बढ़ती उम्र बहरेपन का आम कारण हो सकता है। अक्सर बढ़ती उम्र के साथ कान की नसें कमजोर होने से भी व्यक्ति विशेष बहरेपन का शिकार हो सकता है।

-बढ़ती उम्र के अलावा ध्वनि प्रदूषण भी बहरेपन का दूसरा बड़ा कारण होता है। निरंतर बढ़ते ट्रैफिक का शोर कानों पर बुरा प्रभाव डालता है। युवाओं में ईयरफोन से फास्ट म्यूजिक सुनने अथवा ज्यादा से ज्यादा समय मोबाइल पर गाने सुनने से भी कानों पर बुरा असर पड़ता है।

-चोट लगने से भी श्रवणीय क्षमता प्रभावित हो सकती है। यदि दुर्घटना के दौरान शारीरिक चोट या झटका कान के करीब होता है तो यह चोट बहरेपन का कारण बन सकता है।

-अकसर कान के संक्रमण से कान की नसों में सूजन आ जाती है, जिससे कान की नहर बंद हो जाती है, परिणाम स्वरूप ध्वनि तरंगें कान के भीतर तक नहीं पहुंच पाती।कभी-कभी कान में तरल पदार्थ का संग्रह भी श्रवणीय क्षमता को कम करता है। इस मौके पर डाक्टर धीरज गुप्ता, आरबीएसके डॉक्टर रामनरेश बघेल, डॉक्टर रंजीत, डॉक्टर राखी जैन, डॉक्टर अंजना बीपीएम वीरेंद्र अटल एवम अन्य अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

## पर्यावरण बचाने गौकाष्ठ से जलाएं होली और स्वच्छता का रखें ध्यानः निगमायुक्त

**ग्वालियर।** होली एकता और भाईचारे का त्यौहार है, शहरवासी होली के अवसर पर पर्यावरण को नुकसान न पंहुचाएं तथा केवल गोबर के कंडे अथवा गौकाष्ठ से ही होली जलाएं तथा सूखे जैविक रंगों से ही होली खेलें और पानी का अपव्यय न करें। इसके साथ ही यह भी ध्यान रखें कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 चल रहा है तो शहर भी गंदा न हो क्योंकि यह शहर हम सभी का है तथा इसे साफ रखने की भी जिम्मेदारी भी हम सभी की है। यह आग्रह नगर निगम आयुक्त किशोर कन्याल ने होली के त्यौहार एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को लेकर शहर के नागरिकों से अपील करते हुए किया। निगमायुक्त किशोर कन्याल ने सभी शहरवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि शहर में जितने भी स्थान पर होलिका दहन हो वह केवल कंडो अथवा गौकाष्ठ से ही हो, इसमें पेड अथवा लकडियों का उपयोग न करें। साथ ही होलिका के नीचे मिटटी रखें जिससे सडक खराब न हो तथा होलिका के उपर कोई विद्युत आदि के तार न हों। इसके साथ ही होलिका यातायात में बाधक न हों। वहीं होलिका दहन के लिए नागरिक नगर निगम की लालटिपारा आदर्श गौशाला से कंडे अथवा गौकाष्ठ भी खरीद सकते हैं। इसके साथ ही निगमायुक्त ने कहा कि शहर में स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 को देखते हुए सभी नागरिकों से आग्रह है कि होली हर्षोल्लास के साथ मनाएं लेकिन शहर में कहीं भी गंदगी न तो स्वयं करें और न ही किसी को करने दें, क्योंकि यदि आप ठान लेंगें कि हमारा ग्वालियर स्वच्छ रहे तो यह निर्श्चित है कि ग्वालियर साफ व स्वच्छ ही रहेगा। शहरवासी शहर को गंदा एवं बदरंग न करें।

# पंचकुला हरियाणा में होगा 5वां चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल

## अभिनेता निर्देशक सतीश कौशिक और मनोज तिवारी ने लांच किया चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल 2024 का पोस्टर

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।डॉक्युमेंट्री और फिल्म मेकर्स की प्रतीक्षा को समाप्त करते हुए भारतीय चित्र साधना ने चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल के 5वें संस्करण की तिथियों की घोषणा कर दी है। भारतीय चित्र साधना की ओर से गुरुवार को दिल्ली के कान्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। पत्रकार वार्ता में सिने जगत के जाने माने निर्देशक व अभिनेता सतीश कौशिक, भोजपुरी सिनेमा के प्रसिद्ध गायक, अभिनेता व सांसद मनोज तिवारी उपस्थित थे। मंच पर भारतीय चित्र साधना के अध्यक्ष श्री बी के कुठियाला और सचिव अतुल गंगवार भी उपस्थित रहे। पोस्टर लॉन्च के मौके पर अभिनेता, सांसद व गायक मनोज तिवारी ने चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल को प्रतिभाओं को सृजन करने वाला मंच बताया और कहा चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल बिलकुल हट कर है। वर्ष 2024 में 23, 24 व 25 फरवरी को हरियाणा के पंचकुला में चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल में भारतीय मूल्यों का मेला लगेगा जो सिनेमा के माध्यम से भारतीयता का संदेश देगा । श्री मनोज तिवारी ने फिल्म मेकर्स से अपील करते हुए कहा कि भारतीय चित्र साधना में जो भाग लेना चाहते है उनके लिए बड़ा अवसर है , और आने वाले समय में भारतीय चित्र साधना बड़े निर्माताओं का मंच होगा। चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल दर्शकों और निर्माताओं में विश्वास जगाएगा कि भारतीय मूल्यों का सिनेमा भी खूब ट्रेंड में चलता है और पसंद किया जाता है। पंचकुला में चित्र भारती के पटल पर फिल्म जगत की जागरूक हस्तियों को जमावड़ा होगा । प्रख्यात निर्माता निर्देशक श्री सतीश कौशिक ने कहा कि मैंने देश से लेकर विदेशों तक में बहुत फ़्लिम फेस्टिवल अटेंड किये हैं लेकिन भारतीय चित्र साधना एकदम अलग है, ये सिर्फ़ फेस्टिवल का मंच नहीं बल्कि चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल एक मक़सद के साथ चल रहा है। ये एक साधना के साथ फ़्लिम जगत के नव निर्माण के लिए निरंतर आगे बड़ रहा है । श्री कौशिक के अनुसार सिनेमा का पटल सिर्फ़ पैसा कमाने का औज़ार नहीं बल्कि चलचित्र के माध्यम से अपनी सभ्यता और संस्कृति को दिखाने व देश की परम्पराओं, इतिहास, और मूल्यों को बताने का अवसर है। आज पश्चिम के प्रभाव को स्क्रीन पर देख कर दर्शक थक चुके है । सिनेमा जगत में भारतीय मूल्यों के साथ बदलाव की जरूरत है। लेकिन रीजनल सिनेमा की पावर आज भी बहुत मजबूत है । सिनेमा के नए ट्रेंड की तरफ ध्यान खींचते हुए उन्होंने कहा कि सिनेमा को बनाने वाले और देखने वाले सिनेमा में क्या चाहते हैं , इसके लिए भी एक सिस्टम होना चाहिए लेकिन इसको लेकर कोई मापदंड नहीं है। चित्र भारती फिल्मोत्सव नई प्रतिभाओं को मौका देता है, साथ ही कुल 10 लाख तक का इनाम भी देता है जो नई प्रतिभाओं के लिए महत्वपूर्ण है। ये हैं विषय महिला सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, समरसता, पर्यावरण, भविष्य का भारत, जनजातीय समाज, ग्राम विकास, वसुधैव कुटुंबकम। बाल फिल्म के विषय हैं ङ्क पराक्रमी बच्चे, बाल शिक्षा में नवाचार और नैतिक शिक्षा। फिल्मोत्सव में कुल 10 लाख तक के पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

**30 नवम्बर तक भेज सकते हैं प्रविष्टि**-5वें फिल्म फेस्टिवल के लिए प्रतिभागी 1 सितंबर से 30 नवंबर, 2023 तक अपनी प्रविष्टियां भेज सकते हैं। अधिक जानकारी चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल पर उपलब्ध है। इस अवसर पर भारतीय चित्र साधना के अध्यक्ष श्री बी. के. कुठियाला ने कहा कि भारत विश्व में सबसे ज़्यादा फ़्लिमें बनाने, देखने और चर्चा करने वाला देश है । शुरुआती दौर में भारतीय फ़्लिमों में भारत और भारत के लोग दिखते थे । लेकिन धीरे धीरे फिल्मों से भारतीयता ख़त्म होती गई और एक विमर्श खड़ा किया। इसी चिंतन और मंथन के साथ भारतीय सिनेमा में भारत को वापस लाने के उदेश्य से भारतीय चित्र साधना का उदय 2014 में हुआ । इंदौर, दिल्ली, अहमदाबाद, भोपाल और अब चित्र भारतीय फ़्लिम फेस्टिवल का पाँचवा संस्करण है जो 2024 में पंचकुला में होगा। पिछले कुछ साल में हमने 15 वर्क शॉप करवाए । 30 लोगों को सेलेक्ट किया और भारतीय चित्र साधना की तरफ से 27 लोगों को फ़्लिम मेकिंग का पूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। जो आने वाले समय में भारत की फ़्लिमों में भारत की मिट्टी की महक




के साथ एक नयी और दमदार शुरुआत करने वाले हैं। भारतीय चित्र साधना के सचिव अतुल गंगवार ने कहा कि ये मंच नई प्रतिभाओं का मंच है। मंच को वे अपना घर मानें, जहां उनकी प्रतिभा को खुल कर दिखाने का अवसर मिलता है। चित्र भारती के प्रांत सह संयोजक दिनेश चाकणकर ने बताया कि चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल के चतुर्थ संस्करण (2022) का आयोजन झीलों के शहर कहे जाने वाले भोपाल में हुआ था। जिसमें विवेक अग्निहोत्री, अक्षय कुमार, अभिनव कश्यप, योगेश सोमन जैसे जाने माने चेहरे मंच पर नजर आए थे। फिल्म फेस्टिवल (2022) में 21 राज्यों से 15 अलग-अलग भाषाओं की कुल 712 फिल्में प्राप्त हुई थीं। चार अलग ङ्कअलग श्रेणियों में 24 फिल्मों को पुरस्कृत किया गया था और 120 फिल्मों की स्क्रीनिंग हुई थी।

**चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल परिचय**-चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल ने सिनेमा के क्षेत्र में एक नया आंदोलन शुरू किया है। नई प्रतिभा की खोज और क्रिएटीविटी के साथ-साथ भारतीय मूल्यों के समावेश के उद्देश्य से भारतीय चित्र साधना ने फिल्म सोसायटीज़ के माध्यम से सिनेमा पर चर्चा, फिल्म निर्माण कार्यशाला और फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत की है। पिछले सात वर्षों में चार फिल्मोत्सव के माध्यम से सिनेमा जगत में चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल ने अपनी एक नई पहचान बनाई है। आज इस मंच से सिनेमा जगत की सभी जानी मानी हस्तियाँ जुड़ी हैं। जिसमें सुभाष घई, विवेक अग्निहोत्री, प्रसून जोशी, मनोज मुंतशिर, मधुर भंडारकर, आदि शामिल हैं। आज समस्त फिल्म प्रेमियों, निर्माता-निर्देशकों, लेखकों, कलाकारों ही नहीं सिनेमा के छात्रों को भी हर दो साल के अंतराल में होने वाले चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल की प्रतीक्षा रहती है। अगले वर्ष पांचवा संस्करण आयोजित होने वाला है। फिल्म फेस्टिवल का आकर्षण मास्ड़टर कड़लास, ओपन फोरम और फिल्ड़म स्ड़क्रीनिंग होता है। मास्ड़टर क्लास में सिनेमा के वरिष्ड़ठ कलाकार युवाओं से संवाद करते हैं और अपनी फिल्मी यात्रा के अनुभव को साझा करते हुए उन्हें फिल्म निर्माण बारीकियाँ बताते हैं। ओपन फोरम में प्रतिभागी एवं सहभागी आपस में विमर्श करते हैं तो वहीं फिल्ड़म स्ड़क्रीनिंग में अलग-अलग वर्गों में आमंत्रित फिल्ड़मों का प्रदर्शन और पुरस्ड़कारों के लिए चयन किया जाता है। भारतीय चित्र साधना फिल्म फेस्टिवल के माध्ड़यम से फिल्मों में भारतीयता के विचार को केंद्र में रखकर युवाओं को प्रेरित एवं प्रोत्ड़साहित करती है। चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल की शुरूआत 2016 में इंदौर से ही हुई थी। जिसमें राजपाल यादव, मधुर भंडारकर, विवेक अग्निहोत्री, मुकेश तिवारी जैसी हस्तियाँ शामिल हुई थीं। दूसरा चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल 2018 में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित हुआ था। इसमें 700 से अधिक प्रविष्टियां आयीं थीं। यहां युवा प्रतिभागियों को सुभाष घई, हेमा मालिनी, केवी विजयेंद्र प्रसाद, मनोज तिवारी, प्रियदर्शन व अन्य का स्नेह मिला था। तीसरे चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल का आयोजन फरवरी 2020 में गुजरात के कर्णावती स्थित गुजरात विश्ड़वविद्यालय में हुआ था। जिसमें सुभाष घई, दिलीप शुक्ला, मिहिर भुत्ता, मनोज जोशी और अब्बास-मस्तान जैसे प्रख्यात फिल्म निर्देशकों, लेखकों ने मास्टर क्लास में फिल्म मेकिंग के गुर सिखाए थे। चौथा चित्र भारती फिल्म फेस्टिवल भोपाल के माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय के परिसर में आयोजित हुआ था, जिसमें भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष, स्वाधीन भारत के 75 वर्ष, अनलॉकडाउन, वोकल फॉर लोकल, गांव खुशहाल-देश खुशहाल, भारतीय संस्कृति और मूल्य, इनोवेशन-रचनात्मक कार्य, परिवार, पर्यावरण एवं ऊर्जा, शिक्षा एवं कौशल विकास जैसे विषय थे।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478